*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
18 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 298
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

सफलता : चंद्रयान-3 का लैंडर दोपहर 1:15 बजे प्रोपल्शन से अलग हुआ




## कोल्हान प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **10,200** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री चंपाई सोरेन**
माननीय मंत्री, परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती जोबा मांझी**
माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र

**श्री विद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र

### सम्मानित अतिथि

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर (पूर्वी)

**श्री दीपक बिरुआ**
माननीय विधायक, चाईबासा

**श्री निरल पूर्ति**
माननीय विधायक, मझगाँव

**श्री दशरथ गगराई**
माननीय विधायक, खरसावाँ

**श्री सुखराम उराँव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्रीमती सबिता महतो**
माननीय विधायक, ईचागढ़

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सोनाराम सिंकू**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका

**दिनांक : 18 अगस्त, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)**

P.R. 304885 (Labour Employment and Traning) 23-24

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# हिंदू धर्म इस्लाम से बहुत पुराना: गुलाम नबी

**जम्मू के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर में भी 600 साल पहले कोई मुसलमान नहीं था, सभी कश्मीरी पंडित थे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डोडा।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कहा कि हिंदू धर्म इस्लाम से कहीं ज्यादा पुराना है। हिंदू धर्म सबसे पुराना धर्म है। केवल 10-20 मुसलमान मुगल सेना का हिस्सा बनकर भारत आये थे, बाकी का धर्म परिवर्तन कर दिया गया। गुलाम नबी पिछले दिनों डोडा जिले के 10 दिन के दौरे पर थे। उन्होंने ये बयान 9 अगस्त को डोडा में थाथरी इलाके में एक सभा में दिया था। इसका एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो की सत्यता की पुष्टि 'आजाद सिपाही' नहीं करता है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में चर्चा काफी तेज है। जो वीडियो सामने आया है, उसमें गुलाम कह रहे हैं कि मैंने संसद में बहुत चीजें कहीं, जो आप तक यहां नहीं पहुंचीं। हमारे एक नेता ने कहा था कुछ लोग बाहर से आये थे। मैंने कहा, कोई अंदर या बाहर से नहीं आया भारत में। इस्लाम तो आया ही 1500 साल पहले। हिंदू धर्म बहुत पुराना है। तो बाहर से आये होंगे 10-20, जो मुगलों की फौज में थे। बाकी तो सब हिंदू से कंवर्ट हो गये मुसलमान हिंदुस्तान में। उसकी मिसाल हमारे कश्मीर में है। कश्मीर में कौन था 600 साल पहले, सब कश्मीरी पंडित थे। सब मुसलमान बन गये। सब इसी (हिंदू) धर्म में पैदा हुए। गौरतलब है कि गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस में 50 साल तक रहने के बाद अलग होने का फैसला किया था। पिछले साल 26 सितंबर को उन्होंने अपनी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी लांच की थी।

# राजेंद्र साहू के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए डीजीपी से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा नेता राजेंद्र साहू के हत्यारों को जल्द पकड़ने की मांग की। राज्य में बढ़ते अपराध पर अविलंब रोक लगाने की भी अपील की। उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, मुनेश्वर साहू (प्रदेश मंत्री), शिवपूजन पाठक (प्रदेश मीडिया प्रभारी), प्रतुल शाहदेव (प्रवक्ता), योगेंद्र प्रताप सिंह (प्रदेश सह मीडिया प्रभारी), जनार्दन पासवान और प्रकाश राम (पूर्व विधायक) तथा सुनील साहू (जिला महा मंत्री) भी शामिल थे।



प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अपराधियों के द्वारा राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं को आये दिन निशाना बनाया जा रहा है। भाजपा नेता, कार्यकर्ता अपराधियों की हिट लिस्ट में हैं। अब तो अपराधी जेल से ही रंगदारी वसूल रहे और जान से मारने की धमकी दे रहे। अब सत्ताधारी दल के विधायक भी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। नेताओं ने कहा कि विगत डेढ़ दो महीनों का रिकॉर्ड देखा जाये, तो 12 जुलाई को टुंडी में आरएसएस कार्यकर्ता शंकर प्रसाद की हत्या, 23 जुलाई को खूंटी में किसान चमरा मुंडा की हत्या, 27 जुलाई को भाकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या, 28 जुलाई को वासुकीनाथ में अमरनाथ की हत्या, 1 अगस्त को झरिया में धनंजय यादव की हत्या, 6 अगस्त को भुरकुंडा में होटल संचालक रोशन साव की हत्या, 11 अगस्त को राजधानी रांची से सटे चिरौंदी में जूस दुकान संचालक मुकेश साव और रोहन साव की हत्या जैसे वारदात राज्य में अपराधियों की निडरता बता रहे हैं। इसके अलावा 12 अगस्त को भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हत्या से पूरा पलामू प्रमंडल दहशत में है। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से अनुरोध किया कि पुलिस राजेंद्र साहू, मुकेश साव, रोहन साव सहित सभी के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करे।

स्वतंत्रता दिवस के पर जिले के सभी नागरिकों को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं
उमेश कश्यप
अध्यक्ष
भाजपा नगर मंडल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के पर जिले के सभी नागरिकों को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं
रितेश चौबे
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिले के सभी नागरिकों को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं
शांति देवी
अध्यक्ष
जिला परिषद, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल कुमार
पणन सचिव
बाजार समिति गढ़वा
रवींद्र सिंह
अध्यक्ष,
झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिजित कमल
अध्यक्ष
गढ़वा जिला
युवा कॉंग्रेस
कमेटी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन पासवान
विधायक
प्रतिनिधि
जिलाध्यक्ष,
चैहरमल कल्याण
समिति, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिले के सभी शिक्षाविद एवं समाजसेवियों को हमारी ओर से ढेरों शुभकामनाएं
सुशील कुमार केसरी
निदेशक
डी. ए. भी. मॉडल स्कूल
अध्यक्ष
लॉयंस क्लब ऑफ गढ़वा सीटी

स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर जिले के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं नेताओं एवं आम नागरिकों को हमारी ढेरों शुभकामनाएं
अरविंद कुमार तूफानी
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, गढ़वा

Reg. No. - 2034600413
MEDICA HOSPITAL
मेडिका हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
- ओ.पी.डी. (OPD). आई. पी.डी. (IPD)
- एम.आई.सी.यू. (NICU)
- जेनरल सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक सर्जरी (दुरबीन द्वारा ऑपरेशन)
- इमरजेन्सी सर्जरी
- शुगर क्लिनिक
- नॉर्मल डिलवरी एवं सिजेरियन की सुविधा
- आधुनिकतम मशीनों की द्वारा जाँच ECG (ई.सी.जी)
- दूरबीन द्वारा किये जाने ऑपरेशन (LAPAROSCOPY & URETERORENOSCOPY)
- पित की थैली की पथरी (GALL BLADER STONE)
- पेशाब के अन्दर नली की पथरी(URETRIC STONE)
- गुर्दे की पथरी(KIDNEY STONE)
- पेशाब के बाहरी नली की पथरी एवं रुकावट (URETHERAL STONE & Stricture)
- प्रोस्टेट का ऑपरेशन(TURP)
- बच्चेदानी(TAH)
- अपेन्डिक्स(APPENDIX)
- बंध्याकरण(LAPROSCOPIC LIGATION)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
छुन्नु कुरेशी
विधायक
प्रतिनिधि
झारखंड मुक्ति
मोर्चा
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिले के सभी नागरिकों को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं
सत्यनारायण यादव
उपाध्यक्ष
जिला परिषद
गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बुद्धिजीवियों को ढेरों शुभकामनाएं
डॉ. कुलदेव चौधरी, चिकित्सा पदाधिकारी, रंका, गढ़वा
संस्थापक : चौधरी जेनरल एवं लकवा हॉस्पिटल

CDM ORO DENTAL CARE AND IMPLANT CENTRE
(An ISO Certified Clinic)
Clinic Reg.No. 2034600478
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
OUR SERVICES
- Full Mouth Rehabilitation
- First Dental Clinic in Palamu Judicial Equipped with Intr-Oral Scanner
- R.V.G., O.P.G., T.M.J View, LAT. CEPH Imaging
- T.M.D and O.M.D Management Center
- Specialized Orthodontics and Orthopedics Management.
- World Class Child Dental Management.
DR. ASHOK KUMAR SONI (BDS), (MDS) (Gold Medalist)
DR. BINITA VENU GOPAL (BDS), (MDS)
MADARSA ROAD, GARHWA

तैबा हॉस्पिटल
डॉ. यासीन अंसारी
पता- मदरसा रोड, बस स्टैंड के पास गढ़वा (झारखंड)
मो.: 7050466650, 9006668685
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अरशद अंसारी
MBBS MD (Medicine) DFM
Consultant Physician
डायबिटिज, छाती, पेट एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. माहेरू यमानी
MBBS MS DNB(I)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
Cardio-Diabetic Cilnic & Infertility Clinic

www.epaper.azadsipahi.in

18 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 298

अयोध्या में राम मंदिर की नयी तस्वीरें:फर्स्ट फ्लोर के 10 फीट ऊंचे पिलर तैयार



### मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवासीय कोचिंग का किया शुभारंभ

# सरकार का दायित्व सिर्फ मुफ्त राशन देना नहीं, बल्कि संवेदनशील विषयों पर काम करना है : हेमंत सोरेन

**पीवीटीजी युवाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग शुरू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज प्रतियोगिता का जमाना है। समाज में समय के साथ तेजी से कई बदलाव आ रहे हैं। इसमें आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ने की जरूरत है। इसके लिए आपको संघर्ष करना होगा। कई चुनौतियां से निपटना होगा। कड़ी मेहनत करनी होगी। नये रास्ते बनाने होंगे। अपनी गति को बनाये रखनी होगी, तभी आप आगे बढ़ेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इन तमाम परिस्थितियों से निकलते हुए कामयाबी की मंजिल प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को रांची के मोरहाबादी स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय (पीवीटीजी ) के युवक-युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने पारंपरिक तरीके से नगाड़ा बजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने पीवीटीजी को समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष खड़ा करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम की शुरुआत की है।

**मुफ्त राशन के जरिए आगे नहीं बढ़ सकते :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के मुफ्त राशन पर आप सिर्फ जिंदा रह सकते हैं। आप इस राशन के भरोसे ना आप पढ़ाई-लिखाई कर सकते हैं और ना रोजगार पैदा कर सकते हैं। मुफ्त राशन के जरिए आप आगे कभी नहीं बढ़ सकते हैं । ऐसे में मेरा मानना है कि सरकार का दायित्व सिर्फ लोगों को मुफ्त राशन भर देना नहीं है, बल्कि तमाम संवेदनशील विषयों पर बेहतर नीति बनाने के साथ उसे धरातल पर उतारने की जरूरत है। इसी सोच के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। राज्य को नयी दिशा देने का काम कर रही है।

**विलुप्त हो रहे हैं कई आदिवासी समुदाय :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आदिवासी खासकर अत्यंत संवेदनशील जनजातीय समूह के लोगों की संख्या लगातार कम हो रही है। ऐसे कई जनजातीय समूह विलुप्त होने की कगार पर हैं। अगर हम नहीं चेते तो आने वाले दिनों में इनका वजूद खत्म हो सकता है। ऐसे में हमारी सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर कई योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदायों को सशक्त और मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

**आदिवासी बच्चे अब विदेश में प्राप्त कर रहे हैं उच्च शिक्षा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार के द्वारा आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यकों के बच्चों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के द्वारा बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। वहीं, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। हमारी सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो झारखंड की दशा और दिशा को बदलने का काम कर रहे हैं।

**राज्य के लोगों ने जो सपने देखे थे, उसे पूरा कर रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा अलग राज्य बनने के बाद लोगों ने जो सपने देखे थे, वे कितने हकीकत में साकार हुए। इस पर मंथन करने की जरूरत है। विशेष कर आदिवासी बहुल राज्य में आदिवासियों के विकास में हम कितना आगे बढ़े, इस पर भी विचार करना होगा। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चंपाई सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, टीआरआइ के निदेशक रणेंद्र कुमार और अपर सचिव अजय नाथ झा मौजूद थे।

## 156 युवक- युवतियों का हुआ है चयन

पीवीटीजी समुदाय के युवक-युवतियों के निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए कुल 373 आवेदन मिले थे। इसमें 156 आवेदकों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। चयनित आवेदकों में 63 युवती और 93 युवक शामिल हैं। इसमें असुर समुदाय के 33, बिरहोर समुदाय के 3, बिरजिया समुदाय के 27, कोरवा समुदाय 22, परहैया समुदाय के 9, सबर समुदाय के 1, माल पहाड़िया समुदाय के 38, सौरिया पहाड़िया के 23 युवक युवती हैं। इसके अलावा शिक्षण हेतु शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गयी है ।

## डुमरी उप चुनाव : आइएनडीआइए और एनडीए प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए गुरुवार को अंतिम दिन आइएनडीआइए गठबंधन की झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी और एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी ने अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। आइएनडीआइए की प्रत्याशी और प्रदेश की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी के साथ नामांकन के दौरान झामुमो विधायक मथुरा महतो, कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम विधायक सरफराज अहमद, माले विधायक बिनोद सिंह भी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के नामांकन के दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व सांसद डॉ रवींद्र राय, विधायक रणधीर सिंह, विधायक नारायण दास, डुमरी के भाजपा नेता प्रदीप साहू पहुंचे।




# राजेंद्र साहू की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** बालूमाथ के कोयला व्यवसायी और भाजपा नेता राजेंद्र साहू हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान जारी है। हत्या के मामले में नक्सली संगठन से विवाद की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि शूटर फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। एटीएस और पुलिस की अब तक की जांच में यह बात सामने आ रही है कि राजेंद्र साहू की हत्या एक प्रतिबंधित नक्सली संगठन से करोड़ों की लेनदेन के विवाद में हुई। राजेंद्र प्रसाद साहू को 12 अगस्त को लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ में उनके घर के पास ही गोलियां मारी गयी थीं। बाद में रांची में इलाज के दौरान 14 अगस्त की रात उन्होंने दम तोड़ दिया था। राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या से गुस्साये लोगों ने रांची-चतरा रोड को नौ घंटे तक जाम रखा था।

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कोयला व्यवसायी की हत्या की साजिश में शामिल तीन लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इन्हीं तीन लोगों ने शूटरों को शरण दी थी। गिरफ्तार किये गये लोगों से पूछताछ चल रही है। हत्याकांड में दुमका जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू का हाथ होने की बात कही जा रही थी, क्योंकि उसने रंगदारी को लेकर राजेंद्र साहू को कई बार धमकियां दी थीं।

**नोटबंदी के समय करोड़ों रुपये की हुई थी लेनदेन :** पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में इस हत्याकांड के पीछे एक प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़े लोगों के नाम सामने आये हैं। इन लोगों से नोटबंदी के समय राजेंद्र प्रसाद साहू की करोड़ों की लेनदेन हुई थी और इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। उनकी हत्या इसी विवाद का परिणाम बताया जा रहा है। हालांकि इस बारे में पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है।


## नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर बयानबाजी हुई तेज

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने के तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नयी दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदल कर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# आइएनडीआइए, यानी कदम-कदम पर गांठें ही गांठें

## ■ पीएम पद के हैं कई दावेदार, लेकिन एक राज्य से नहीं है कोई जनाधार

## ■ हर कोई त्याग की बात करता है, लेकिन स्वार्थ की है भरमार

**आजाद सिपाही विशेष**

जब से आइएनडीआइए का गठन हुआ है, तब से इसमें शामिल दलों के बीच खींचतान की खबरें आती रही हैं। महत्वाकांक्षा, स्वार्थ और मोदी हटाओ के उद्देश्य से जन्मी आइएनडीआइए में फिलहाल सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। इस अलायंस में कई पैर हैं और कई हाथ। हर हाथ इसी जुगत में है कि कैसे पीएम पद के उम्मदीवारों का पैर खींचा जाये। भले ही मुंह से त्याग की भावना टपक रही है, लेकिन अरमान तो निजी स्वार्थ से लिपटा है। आइएनडीआइए में शामिल ममता, नीतीश, केजरीवाल, पवार और राहुल, हर कोई पीएम पद के लिए मजबूत दावेदारी ठोकने में लगा है। एक ही शख्स हैं लालू, जो इस रेस से बाहर हैं, क्योंकि वह कोई और ही खेला खेल रहे हैं। उन्होंने एक ऐसी बिसात बिछायी है, जिससे नीतीश बिहार की राजनीति से आउट हो जायें और लालू पुत्र तेजस्वी को बिहार के मुख्यमंत्री की गद्दी हासिल हो जाये। पीएम पद की दावेदारी की बात करें, तो शरद पवार अभी आइएनडीआइए को लेकर कनफ्यूज हैं। उनके बारे में राजनीतिक कहावत है कि वह थाली के बैगन हैं, कहीं भी लुढ़क सकते हैं। बस उनका निजी स्वार्थ पूरा होना चाहिए। वह अपनी बेटी के राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं। वैसे चाहत तो उनकी भी पीएम बनने की है, लेकिन उन्हें भी यह बखूबी पता है कि उनका यह अरमान इस जन्म में तो पूरा होने से रहा, लेकिन अरमानों का क्या है, वे हिलोरें मारती ही रहती हैं। इसी हिलोर में वह अपने भतीजे और उनकी पार्टी के तोड़नहार अजित पवार से मुलाकात भी कर रहे हैं। अजित के पास उनके लिए ऑफर भी है, लेकिन शरद पवार की महत्वाकांक्षा उनके ऑफर से बड़ी है। वहीं आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के तपस्वी राहुल गांधी में भी अंदरूनी जंग चालू है। कांग्रेस के लोग तो अब कहने लगे हैं कि दिल्ली की सभी लोकसभा सीट पर कांग्रेस की ही दावेदारी रहेगी। वैसे 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया था। सभी सात सीट पर भाजपा का कब्जा रहा। अब अरविंद केजरीवाल कोई मामूली खिलाड़ी तो नहीं हैं, दिल्ली की सत्ता के बाद कांग्रेस के मुंह से वह पंजाब भी छीन चुके हैं, तो वह कैसे पीछे रहेंगे। पीएम पद की दावेदारी में अरविंद केजरीवाल आइएनडीआइए में किसी से पीछे क्यों रहें। उन्होंने भी अब अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है। उधर ममता सरकार के बड़े नेताओं ने 'बोलछे बांगलार जोनता, प्रधानमंत्री होबे ममता' का नारा लगाना शुरू कर दिया है। मतलब आइएनडीआइए बनाने चला था खीर, बनने लगी है खिचड़ी। क्या कुछ चल रहा है आइएनडीआइए में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस, यानी आइएनडीआइए, यानी यूपीए का नया अवतार। फिलहाल आइएनडीआइए में पीएम पद के उम्मीदवार को लेकर खींचतान बनी हुई है। वैसे तो हर प्रबल दावेदार इससे इंकार कर रहा है, त्याग की मूर्ति वाली छवि प्रस्तुत करने में लगा है, लेकिन महत्वाकांक्षाएं झूठ नहीं बोलतीं। महत्वाकांक्षाओं के सामने राजनीतिक पार्टियों की विचारधारा भी धाराविहीन हो जाती हैं। और इसमें गलत भी क्या है। देश के हर नागरिक को हक है पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में खड़ा होने का। एक तरफ जहां आइएनडीआइए में कांग्रेस से राहुल गांधी, टीएमसी से ममता बनर्जी, आप से अरविंद केजरीवाल और जेडीयू से नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में टटोला जा रहा है, तो वहीं इसे लेकर आइएनडीआइए के भीतर भी राजनीति खूब हो रही है। पहले तो आपस में ही प्रतियोगिता इतनी भारी है, मोदी तो दूर की कौड़ी हैं। हर कोई अपने तरीके से अपना चेहरा चमकना चाहता है। आइएनडीआइए का खेवनहार बनना चाहता है। मार्केट में पीएम पद के दावेदार के रूप में अपना नाम एक स्ट्रैटेजी से उछालने की कोशिश हो रही है। आइएनडीआइए में अभी दो सबसे महत्वपूर्ण दिक्कत गठबंधन को एकजुट रखने में दिखाई पड़ती है। पहली सीटों का बंटवारा और दूसरी प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार।

दिक्कत कैसे पैदा होती है, इसे समझना जरूरी है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी का एक संगठन है डिजिटल वॉरियर्स। उसका बीते रविवार को एक सम्मलेन हुआ। उसमें एक नारा लगा, जिसे समझने की जरूरत है। नारा क्या था, 'बोलछे बांगलार जोनता, प्रधानमंत्री होबे ममता'। यह नारा बंगाली में लगा, जिसका मतलब है, बंगाल की जनता बोल रही है, प्रधानमंत्री होंगी ममता। भले ही इस कार्यक्रम में ममता ने शिरकत नहीं की थी, लेकिन उनके दो प्रमुख सिपहसलार वहां मौजूद थे। एक हैं कोलकाता के मेयर और ममता सरकार में मंत्री फिरहाद हाकिम। इन्हें ममता बनर्जी का राइट हैंड भी कहा जाता है। दूसरे हैं कुणाल घोष, जो टीएमसी के आधिकारिक मुख्य प्रवक्ता हैं। फिरहाद हाकिम ने कहा कि ममता बनर्जी प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे आदर्श उम्मीदवार हैं। कुणाल घोष तो उनसे एक कदम और आगे चले गये। उन्होंने कहा कि क्या अच्छा दृश्य होगा, जब लाल किले की प्राचीर से तांत की साड़ी पहने हुई एक महिला राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर रही होगी। ममता बनर्जी की योग्यता पर उन्होंने कहा कि वह सात बार लोकसभा की सदस्य रह चुकी हैं। चार बार केंद्रीय मंत्री रह चुकी हैं। तीसरी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं। इसलिए योग्यता में उनके बराबर कोई नहीं है।

अब जब यहां योग्यता की बात हो रही है, तो रेस में नीतीश भी शामिल हैं, अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी भी। शरद पवार तो पहले ही बाहर हो चुके हैं। उनकी पार्टी ही टूट गयी है। वैसे बुझते दिये में अभी भी शरद पवार तेल का जुगाड़ करने में लगे हुए हैं। वह समय-समय पर अपनी पार्टी के तोड़नहार अजित दादा से भी मिल रहे हैं। स्वार्थ का आदान-प्रदान चल रहा है। लेकिन महत्वकांक्षा ही इतनी है कि बात अभी बन नहीं रही। ममता के अलावा बचे तीन। अब इन तीनों के लिए यह खबर किसी झटके से कम नहीं होगी। राहुल गांधी को कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना चाहती है, लेकिन कहना नहीं चाहती। पार्टी को कहीं न कहीं डर है कि जैसे ही वह यह घोषणा कर देगी, वैसे ही मोदी बनाम राहुल हो जायेगा और सारा गुड़ गोबर हो जायेगा। यह भी हो सकता है कि आइएनडीआइए द्वारा पकायी जा रही खीर में नमक पड़ जाये। लेकिन सबको पता है कि राहुल तो केवल सांसद बने रहने के लिए आइएनडीआइए का हिस्सा नहीं हैं। राहुल ही क्या, जो भी बड़ा नाम इससे जुड़ा है, वह



सिर्फ सांसद तो नहीं ही बनना चाह रहा है। पीएम बनने का तो सपना ममता, केजरीवाल और खैर नीतीश तो 2013 से ही पाले हुए हैं। यहां नीतीश के साथ एक दिक्कत हो गयी है। जानकरों की मानें, तो नीतीश लालू यादव द्वारा बिछाये जाल में बुरी तरह फंस चुके हैं। जो लालू कहेंगे, वही नीतीश करेंगे।

लालू का तो एक ही सपना है, अपने बेटे तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना। लालू यही चाह रहे हैं कि नीतीश आइएनडीआइए के संयोजक बन जायें और उसी में फंसे रहें। उनके ऊपर सोनिया गांधी को आइएनडीआइए की चेयरपर्सन के रूप में बैठा दिया जायेगा और यहीं से नीतीश की दावेदारी भी खटाई में पड़ जायेगी, क्योंकि वह ज्यादा उछल-कूद कर नहीं पायेंगे। उनके पास एनडीए से गठबंधन करने के अलावा और कोई रास्ता नजर नहीं रह जायेगा। और अब तो अमित शाह भी कह चुके हैं नीतीश ना बाबा ना। इसका असर यह होगा कि उधर हाथ से बिहार भी जायेगा, इधर पीएम बनने का सपना भी। हो सकता है, कहीं पार्टी ही न टूट जाये। रही बात केजरीवाल की, तो वह कब आइएनडीआइए गठबंधन को ठेंगा दिखा दें, कोई नहीं जानता। केजरीवाल और ममता को पता है कि जब तक कांग्रेस कमजोर है, उसका फायदा उन्हें मिल सकता है। अरविंद केजरीवाल तो यही सोच रहे होंगे कि जनता दल के अकेले इंदर कुमार गुजराल प्रधानमंत्री बन सकते हैं, कोई निर्दलीय विधायक होकर भी मधु कोड़ा की तरह मुख्यमंत्री बन सकता है, तो वह प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकते। वैसे अरविंद केजरीवाल की पार्टी का एक ही लोकसभा सदस्य है। नीतीश कुमार का भी तो यही मानना है कि वह आठ बार बिहार के सीएम के रूप में शपथ ले चुके हैं। केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उसके अलावा पिछड़ा वर्ग से भी आते हैं। पढ़े-लिखे हैं। भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। इस लिहाज से नीतीश और उनके समर्थकों को लगता है कि उनसे ज्यादा योग्य प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कोई है नहीं। नीतीश उत्तर भारत से भी आते हैं और वह भी हिंदी पट्टी से।

ऐसी चर्चा है कि नीतीश कुमार उत्तरप्रदेश से एक लोकसभा सीट की तलाश में हैं, जो कुर्मी बहुल हो, जहां से वह जीत सकें। फूलपुर सीट का नाम भी आ रहा है। वैसे पहले उनकी नजर मिर्जापुर सीट पर थी, लेकिन वहां से अनुप्रिया पटेल हैं, तो नीतीश बैकफुट पर आ गये। अब नीतीश कुमार उत्तरप्रदेश से चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह तय अखिलेश यादव ही करेंगे, या फिर लालू अपना जोर लगायेंगे, क्योंकि लालू यादव के अखिलेश यादव से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। यहां अखिलेश के सामने सवाल यही है कि क्या वह एक और नेता, जो पिछड़ा वर्ग से आता है, को अपनी ताकत पर, अपनी साख पर पनपने देंगे। वैसे उत्तरप्रदेश की राजनीति के जानकारों की मानें, तो नीतीश कुमार अगर उत्तरप्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर से किसी भी सीट पर लड़ जायें, तब भी वह नहीं जीत सकते। वैसे नीतीश भी राजनीति के कोई कच्चे खिलाड़ी तो हैं नहीं। उन्होंने भी अपना समीकरण तो बनाया ही होगा। अब वह कितना सफल हो पाते हैं, यह तो भविष्य के गर्भ में है। वैसे ममता बनर्जी खेमे में शामिल भाजपा से कांग्रेस और उसके बाद टीएमसी में गये शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह कितनी अच्छी बात होगी, जब देश में एक तरफ महिला राष्ट्रपति हैं, तब प्रधानमंत्री भी महिला हों, तो बहुत अच्छा होगा। बाद में उन्होंने अपने बयान को रफू करने की कोशिश की और कहा कि आइएनडीआइए में बहुत से योग्य उम्मीदवार हैं। नीतीश कुमार का नाम छोड़ उन्होंने और लोगों का नाम लिया। ममता की बात करें, तो उन्हें लगता है कि यही समय है, जब राष्ट्रीय राजनीति में वह छलांग लगा सकती हैं। ममता का बतौर मुख्यमंत्री यह तीसरा कार्यकाल है और चौथे कि संभावना बहुत कम है। जिस तरह से टीएमसी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। उनके मंत्री जेल में हैं, उनके नेता जेल में हैं। हाइकोर्ट की निगरानी में जिस तरह से जांच चल रही है, सीबीआइ और इडी की भी जांच चल रही है। उनके भतीजे और उनके परिवार पर जांच चल रही है। इस सबको देखते हुए ममता को मालूम है कि 2026 बहुत कठिन होनेवाला है। अगर ममता के लिए मौका है, तो 2024 में छलांग लगाने का और पीएम पद की रेस में शामिल होने का। इसका नतीजा क्या होगा, वह तो बाद की बात है, लेकिन उम्मीद पर दुनिया कायम है। उन्हें अच्छी तरह से पता है कि यही उनके लिए सुनहरा अवसर है, जब वह पीएम उम्मीदवार की रेस में शामिल हो सकती हैं, क्योंकि उसके बाद तो 2029 में फिर चुनाव होगा, तब वह राजनीति में कितनी एक्टिव रहेंगी, यह उन्हीं को पता होगा। वैसे आइएनडीआइए की अगली बैठक मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होनेवाली है। उसके पहले ही इस अलायंस में शामिल दलों के सर्वेसर्वा अपने महत्व को गिनवाने में लग चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि महत्वाकांक्षा, स्वार्थ और पावर के इस गेम में आइएनडीआइए का क्या हश्र होता है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नौशाद अंसारी
जेएमएम
नेता चंदवा



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



भूषण बाड़ा
विधायक सिमडेगा विस क्षेत्र
पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्जुन राम
ब्लॉक कोडिनेटर एजेएसएलपीएस
व महिला विकास मंडल
पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बी आर सी परिवार
पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बसन्त गुप्ता
वरिष्ठ कोंग्रेशी
व विधायक प्रतिनिधि
पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मूरत यादव
प्रखंड कार्यक्रम
पदाधिकारी पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नरेश पहान
मुखिया
उमड़ा पंचायत
पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जितबहान बड़ाइक
मुखिया
बागेसेरा पंचायत
पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नेलशन सोरेन
मुखिया
नाथपुर पंचायत पालकोट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जसिंता मिंज
मुखिया
पालकोट दक्षिनी
पालकोट

**कार्यालय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी**
**सामु.स्वा.केन्द्र, कटकमसांडी, हजारीबाग**

**आदेश**

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कटकमसांडी एवं कटकमदाग प्रखंड वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटकमसांडी परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटकमसांडी में निम्नांकित सुविधाएं उपलब्ध है।
1. 24 घंटा स्वास्थ्य सेवा ओ.पी.डी.
2. निःशुल्क टीकाकरण
3. जननी सुरक्षा एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ
4. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व जांच एवं लाभ
5. निः शुल्क खून, पेशाब, एच.आई.वी, यक्षमा, कोविड-1, मलेरिया रोग, फाइलेरिया, चिकुनगुनिया, जापानीज, इंसेफेलाइटीज, इत्यादी का जांच की सुविधा
6. आयुष्मान भारत योजना सुविधा की कॉनसेसिंग

ह./- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामु. स्वा. केन्द्र, कटकमसांडी
दिनांक : 11.08.2023

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email-ihumitelnivamunicipalcouncilcamail.com

झुमरी तिलैया नगर परिषद स्वतंत्रता दिवस, 2023 के शुभ अवसर पर सभी नगर वासियों से अपील करती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

ज्ञापांक : 1295
दिनांक : 17.08.2023
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्




वेदर
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 31.2 °c | 22.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.21 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.26 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



### भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा, बरहेट में प्रदेश अध्यक्ष ने की सभा, हेमंत सोरेन सरकार पर किया प्रहार

# राज्य की भ्रष्ट सरकार को हटाने का संकल्प दिलाने आया हूं : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरहेट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र से अपनी संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में श्री मरांडी ने राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, बांग्लादेशी घुसपैठियों, संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी, खनिज संसाधनों, गरीबों के अनाज की लूट को उजागर किया।

बरहेट की संकल्प सभा में बोलते हुए बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी के नाम पर सोरेन परिवार ने नाम बदल-बदल कर आदिवासियों की जमीन ली है। शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया, हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गये, दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया और बसंत सोरेन बसंत कुमार सोरेन बन गये। उन्होंने कहा कि यह राज्य अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि अवसर आने पर कांग्रेस, झामुमो और राजद के लोगों ने झारखंड आंदोलन को बेचा और खरीदा है।



उन्होंने कहा कि आज खान खनिज की लीज संथाल परगना और झारखंड के लोगों को नहीं, बल्कि राज्य के मुखिया, उनके परिवार के लोग और उनके विधायक प्रतिनिधि के नाम आवंटित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा से भी बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा,रघुवर दास प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। क्या किसी ने आदिवासी की जमीन लूटी?

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनेगी, तो यहां के खान खनिज की लीज झारखंडवासियों के नाम पर होगी, कोई मुंबई, दिल्ली का लीजधारक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों का अनाज भी लूट रही है। केंद्र सरकार द्वारा भेजे जा रहे प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल गरीबों के घर तक नहीं पहुंच रहे।


उन्होंने झारखंड का पुलिस प्रशासन लूटने में लग गसर है। डीसी, एसपी, दारोगा, बीडीओ जनता को परेशान करते हैं। बिना पैसे का कोई काम नहीं हो रहा। लोग विरोध करते हैं, तो उन पर फर्जी मुकदमे लाद दिये जा रहे हैं।

संथाल परगना के हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि आज पूरा संथाल परगना बांग्लादेशी घुसपैठियों से भरा पड़ा है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का परिणाम है कि संथाल परगना के विभिन्न जिलों में घुसपैठियों को सुनियोजित तरीके से बसाया जा रहा है, उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड बनवाये जा रहे हैं। कहा कि भाजपा की सरकार आते ही ऐसे घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा और संरक्षण देनेवालों को चिह्नित कर सख्त कानूनी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही। सामूहिक दुष्कर्म और हत्याएं हो रही हैं। इसमें सर्वाधिक आदिवासी दलित बेटियां ही पीड़ित हैं। श्री मरांडी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य को भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, खान खनिज की लूट और परिवारवाद से बचाने की यात्रा है। उन्होंने बदलाव की शुरुआत बरहेट से करने का आह्वान किया। उन्होंने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया। बरहेट की संकल्प यात्रा में विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, सांसद सुनील सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, जिला अध्यक्ष राम दरस यादव, पूर्व मंत्री लुइस मरांडी, सिमोन मालतो आदि उपस्थित रहे।

पूरी यात्रा के संयोजन में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय संथाल परगना के प्रवास पर हैं। पूरी तैयारी, स्वागत और जनसभा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।









## भाजपा प्रवक्ता मिस्फिका हसन के खिलाफ अवैध संपत्ति मामले में एसीबी में पीइ दर्ज होगी, सीएम ने दी अनुमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा की प्रवक्ता मिस्फिका हसन के खिलाफ अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसीबी में पीइ दर्ज करने की अनुमति दे दी है। वह पाकुड़ की इलामी पंचायत की मुखिया भी हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जमशेदपुर में आइआर संख्या-28/18 की आरोपी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (केंद्रीय) की राष्ट्रीय महासचिव मिस्फिका हसन के खिलाफ अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीइ दर्ज कर जांच की अनुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दिये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।



**अवैध भूमि और संपत्ति अर्जन का है मामला**

आरोपी मुखिया के खिलाफ परिवादी के परिवाद पत्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार सत्यापित है। परिवादी से शपथ पत्र प्राप्त है तथा ब्यूरो सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी के नाम से वर्ष 2016 से मई 2018 के बीच कुल आठ केवाला (रजिस्टर्ड डीड) है तथा अन्य संपत्ति भी है, जिसे खुली जांच से प्राप्त किया जा सकता है। परिवाद पत्र में लगाये गये आरोपों के सत्यापन के बाद तत्कालीन पुलिस निरीक्षक-सह- सत्यापनकर्ता एसीबी, दुमका द्वारा समर्पित सत्यापन प्रतिवेदन में परिवादी के आरोपों की पुष्टि होने तथा पूरे मामले की खुली जांच हेतु अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीइ दर्ज करने की अनुशंसा की गयी थी।

## बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री नवंबर में आयेंगे रांची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री नवंबर में रांची आयेंगे। झारखंड के संन्यासी बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का नवंबर माह में रांची के प्रभात तारा मैदान में हनुमत कथा का आयोजन किया जायेगा। राजीव ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस कथा में अर्जी स्वीकार्य होने पर महाराज से लोग स्वयं समाधान ले सकेंगे। इस हनुमत कथा के कार्यक्रम में जुड़ने और यजमान बनने के लिए सभी 9263854901/ 02/03/ 04/05 से संपर्क किया जा सकता है।



प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सचिव भवानी कुमार, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर, शंकर तिवारी, सूरज कुमार, संदीप दुबे, दीवाकर कुमार, रोहित मिश्रा, धीरज कुमार, संदीप मिश्रा, भैरव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## दशम फॉल और अनगड़ा थानेदार बदले गये

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने दो थानेदारों का तबादला कर दिया। सब इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश को दशम फॉल का नया थाना प्रभारी बनाया गया है, वहीं दशम फॉल थाना प्रभारी विष्णुकांत को अरगोड़ा थाना में योगदान देने के लिए कहा गया है। अनगड़ा थाना प्रभारी नवीन कुमार को कांके थाना में योगदान देने के लिए कहा गया है। वहीं कांके थाना में पदस्थापित दिलेश्वर कुमार को अनगड़ा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।







आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in




























## हाइकोर्ट में पेश हुए एसीबी के एसपी, कोर्ट ने चार सप्ताह में मांगा शपथ पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** मैनहर्ट घोटाला मामले में गुरुवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के एसपी झारखंड हाइकोर्ट में पेश हुए। इस मामले में अब तक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट नहीं आने और एफआइआर दर्ज नहीं होने को लेकर विधायक सरयू राय की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। एसीबी के एसपी ने जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोर्ट ने एसीबी के एसपी को चार सप्ताह में प्रारंभिक जांच के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान एसीबी एसपी ने कोर्ट को बताया कि मैनहर्ट को टेंडर देने के संदर्भ में मंत्रिपरिषद से अप्रूवल मिला था, ऐसे में प्रारंभिक जांच की कार्रवायी आगे जारी रखने या ना रखने के संबंध में विधि विभाग से मंतव्य मांगा गया है। गुरुवार को जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर निर्धारित की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार और दीपांकर ने पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार द्वारा अस्पष्ट सीलबंद रिपोर्ट दाखिल करने पर एसीबी के एसपी को कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि दिसंबर, 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी, लेकिन अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आयी है। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस बारे में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि मामले में अभी जांच चल रही है। एसीबी की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच जारी रखने के संबंध में राज्य सरकार से लीगल ओपिनियन मांगी गयी है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लीगल ओपिनियन मांगे जाने का मामला सरकार के पास एक साल से अधिक समय तक लंबित है। अगस्त, 2022 में ही एसीबी ने सरकार से लीगल ओपिनियन मांगी थी, लेकिन अब तक उस पर कुछ नहीं हुआ है।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
No 1 Channel
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## सीसीएल की कोयला खदानों में विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों पर इंटर-एक्टिव सत्र आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। डीजीएमएस, साउथ इस्टर्न जोन, रांची के तत्वावधान में गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय में निदेशक (तक./संचा.) राम बाबू प्रसाद की अध्यक्षता में सीसीएल की कोयला खदानों में विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस इंटरैक्टिव सत्र में खदान की विद्युत सुरक्षा में सुधार के लिए सक्रिय उपायों के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। बैठक में विशेषकर कंपनी में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। सीसीएल के निदेशक राम बाबू प्रसाद ने इस सत्र के दौरान आये सभी सकारात्मक सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा उन सुझावों पर अमल किया जायेगा और जो भी कमियां होंगी उनका निराकरण तयबद्ध तरीके से किया जायेगा। विषय पर चर्चा करते हुए श्री प्रसाद ने आगे कहा कि खान सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्य स्थल को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कंपनी द्वारा नयी-नयी तकनीकों को अपनाया जा रहा है ताकि 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सुरक्षा) एसके सिंह एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) विकास गोविंदराव मेशराम, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) महेश्वरा रेड्डी, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) विनीत चौरसिया, महाप्रबंधक (वि. एवं यां.), महाप्रबंधक (उत्ख.), सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, परियोजना अधिकारी, एसओ (वि. एवं यां.), एसओ (उत्ख.) एवं सभी क्षेत्र के अधिकारी उपस्थित थे।

## लिटिल विंग्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मना




रांची (आजाद सिपाही)। लिटिल विंग्स स्कूल में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके चौधरी, प्रेसिडेंट, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन थे। स्कूल के बैंड ग्रुप ने उनका स्वागत किया। प्राचार्या नीता सिंह द्वारा गुडलक पॉट, शॉल और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। बच्चों ने देशभक्ति से प्रेरित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। श्री चौधरी ने बच्चों को बहुत ही सरल उदाहरण के साथ आजादी का महत्व समझाया। उन्होंने शहीदों की शहादत को नमन करते हुए बच्चों को देशभक्ति का महत्व बताया और इस देश के अमर बलिदानियों को याद किया। कक्षा 5 के छात्र सादिक खान को स्वतंत्रता दिवस पर दिये उसके बेहतरीन स्पीच के लिए विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय निदेशक रमेंद्र कुमार और प्राचार्या नीता सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## डीएसपीएमयू में एनएएसी मान्यता प्रक्रिया के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में गुरुवार को एनएएसी मान्यता प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के विश्लेषण के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि झारखंड राजभवन सचिवालय के विशेष कार्य अधिकारी संजीव राय और मुख्य वक्ता के तौर पर सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर और एनएएसी विषय के जानकार प्रो बीके सिन्हा थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है कि विश्वविद्यालय स्तर पर एनएएसी मान्यता प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की विस्तृत विवेचना की जाये ताकि मान्यता प्रक्रिया को समझकर उसे आसान और सरल बनाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 में गुणवत्ता में वृद्धि की प्रत्याशा के कारण एनएएसी की महत्ता काफी बढ़ जाती है। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन मानविकी संकाय के डीन डॉ मोहम्मद अयूब ने किया। इस कार्यशाला में सभी संकाय के डीन और विभागाध्यक्ष मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## राज अस्पताल में मना स्वतंत्रता दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। शहर के मेन रोड स्थित राज अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। अस्पताल की जनरल फिजिशियन डॉ नीलम कुमारी (एमडी- मेडिसीन) ने मुख्य अतिथि के तौर पर झंडोत्तोलन किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गान के साथ झंडे को सलामी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अस्पताल के अध्यक्ष जोगेश गंभीर ने कहा कि आज पूरा देश आजादी का महोत्सव मना रहा है। 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह को आजादी का अमृत महोत्सव के साथ 'नेशन फर्स्ट, ऑल्वेज फर्स्ट' यानी 'राष्ट्र पहले, हमेशा पहले' है के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के जश्न में पूरा देश सराबोर है। आज का यह दिन उन वीर शहीदों को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने जंगे ए आजादी में अपनी कुर्बानिया दी। उन्ही अमर शहीदों की बलिदान के कारण आज हम आजाद देश में आजादी का उत्सव मना पा रहे हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूरा अस्पताल प्रबंधन मौजूद रहा। अस्पताल के सीइओ साहिल गंभीर ने सराहनीय सेवा कार्य करने वाले सभी चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मचारियों,पैरामेडिकल कर्मियों को धन्यवाद करते हुए उनकी हौंसला अफजाई की, साथ ही अस्पताल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अस्पताल के सर्वांगीण विकास के लिए पूरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर भर्ती मरोजों के बिच फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ बीरेंद्र कुमार ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। पुंदाग में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मैट्रिक परीक्षा 2023 में प्रथम स्थान में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सीबीएसइ से प्रिंस कुमार 90 प्रतिशत, आइसीएसइ से भुपेश राज 85 प्रतिशत और जैक से शिवम कुमार 91 प्रतिशत लाने वाले छात्र को पुरस्कृत किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार भुइयां
राष्ट्रीय भुइयां जागृति परिषद संयोजक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधा कुमारी
जिला परिषद सदस्य सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निरोतमा देवी
मुखिया बारी पंचायत सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राणा प्रताप कुशवाहा
विधायक प्रतिनिधि

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष उरांव
मुखिया बकोरिया पंचायत सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष सिन्हा
सामाजिक कार्यकर्ता सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित सोनी
थाना प्रभारी सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुषमा कुमारी
वार्डेन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज चंद्रवंशी
भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष सतबरवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जानू चौधरी
हरिहरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद केआर सोनी
हरिहरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश राम
हरिहरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
SAMRIDDHI SWEETS
राजीव रंजन
निदेशक, रॉल मॉडल एण्ड समृद्धि स्वीट्स

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इसरार आलम
हरिहरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव के.आर
हरिहरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फूलकली देवी
हरिहरगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमंत केसरी
भाजपा नेता सह महामंत्री
( केसरवानी वैश्य सभा नगड़ी) नगड़ी प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन मुंडा
मुखिया चिपरा पंचायत, नगड़ी प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भोला महतो
निदेशक सह समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम उरांव
पूर्व उप प्रमुख नगड़ी प्रखंड

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# क्या करेंगे पवार

जब से एनसीपी का एक धड़ा अजित पवार की अगुआई में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल का हिस्सा बना है, तभी से पार्टी के सर्वोच्च नेता शरद पवार के रुख में एक तरह की अनिश्चितता दिख रही है। यह अनिश्चितता विरोधियों को ही नहीं, उनके सहयोगियों और समर्थकों को भी उलझन में डाल रही है। शुरू में उन्होंने बहुत स्पष्टता के साथ कहा कि वह अजित पवार के इस कदम को सहन नहीं करेंगे और भले ही उनकी उम्र ज्यादा हो गयी हो, लेकिन बीजेपी की इस चाल के खिलाफ रैलियां कर कार्यकर्ताओं और वोटरों को एकजुट करेंगेस लेकिन उसके बाद पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने का कार्यक्रम हुआ, तो विपक्षी नेताओं की सार्वजनिक अपीलों की अनदेखी करते हुए उस कार्यक्रम में शामिल होने चले गये। इससे पहले वह अजित पवार की सार्वजनिक आलोचना करने से तो बचते ही रहे हैं, अलग-अलग मौकों पर तीन बार उनसे मुलाकात भी कर चुके हैं। खास कर तीसरी मुलाकात ज्यादा चर्चित हुई क्योंकि इसे कथित तौर पर गोपनीय रखने की भी कोशिश की गयी। शिवसेना (उद्धव ग्रुप) और प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इससे गठबंधन में भ्रम की स्थिति बन रही है और शरद पवार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अपने तईं शरद पवार ने यह स्पष्टीकरण जरूर दिया कि उनके विचार बीजेपी से अलग हैं और इसीलिए वह कभी बीजेपी में जाना मंजूर नहीं करेंगे। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनके कई शुभचिंतक हैं, जो उन्हें इसके लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं। साफ है कि बीजेपी से हाथ मिलाने का सुझाव देने वाले लोग अगर शरद पवार की नजर में आज भी शुभचिंतक बने हुए हैं, तो विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए थोड़ा चिंतित और आशंकित होना स्वाभाविक है। आम तौर पर राजनीति में और खासकर शरद पवार की राजनीति में पत्थर की लकीर जैसा कुछ नहीं होता, ऐसा उन्हें जानने वाले कहते रहे हैं, लेकिन थोड़ी देर को उनकी कही इस बात को पत्थर की लकीर मान लिया जाये कि वह कभी बीजेपी में शामिल नहीं होंगे, तो भी उनके जैसा बड़ा नेता बीजेपी में गये बिना भी उसे निर्णायक फायदा पहुंचाने के हजार रास्ते निकाल सकता है। यह बात भी है कि मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा और केंद्र में संसद का एक पूरा सत्र संपन्न हो जाने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि एनसीपी के कितने विधायक एवं सांसद अजित पवार के साथ हैं और कितने शरद पवार के साथ। इसीलिए विपक्षी खेमे में बेचैनी है और वह चाहता है कि समय रहते यह बात शीशे की तरह साफ हो जाये कि शरद पवार का मन किस तरफ है, लेकिन ऐसा लगता है कि इस पर निर्णायक चर्चा अब इंडिया गठबंधन की मुंबई में प्रस्तावित बैठक में ही होगी और वहीं यह भी साफ होगा कि शरद पवार के कदम आखिरकार किस तरफ बढ़ने वाले हैं।

**शिवसेना (उद्धव ग्रुप) और प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इससे गठबंधन में भ्रम की स्थिति बन रही है और शरद पवार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अपने तईं शरद पवार ने यह स्पष्टीकरण जरूर दिया कि उनके विचार बीजेपी से अलग हैं और इसीलिए वह कभी बीजेपी में जाना मंजूर नहीं करेंगे।**

**भारतीय उपमहाद्वीप में पाकिस्तान कैसे उभरा, इसका उत्तर इस इस्लामी देश की सरकारी वेबसाइटों और स्कूली पाठ्यक्रम में सहज रूप से मिल जाता है। पाकिस्तानी सरकारें वर्ष 712 में अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम द्वारा सिंध के तत्कालीन हिंदू राजा दाहिर की पराजय को पाकिस्तान निर्माण का प्रारंभिक बिंदू बताती है। कासिम के बाद जिन आक्रमणकारियों, गजनवी, गौरी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब और टीपू सुल्तान आदि ने भारत में इस्लाम के नाम पर मजहबी उत्पात मचाया, वे सभी पाकिस्तान के लिए न केवल नायक हैं, अपितु प्रेरणास्रोत भी हैं।**

# ‘बंटवारा’ जो हम आज तक भूले नहीं

**बलबीर पुंज**

बीते मंगलवार; 15 अगस्त भारत ने अपना 77वां स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। निःसंदेह, यह दिन भारतीय इतिहास का एक मील का पत्थर है, परंतु इसके साथ विभाजन की दुखद स्मृति भी जुड़ी हुई है। विश्व के इस भू-क्षेत्र का त्रासदीपूर्ण बंटवारा, कोई एकाएक या तत्कालीन मुस्लिम समाज के किसी तथाकथित उत्पीड़न का परिणाम नहीं था। इसके लिए उपनिवेशी ब्रितानियों के साथ जिहादी मुस्लिम लीग और भारत-हिंदू विरोधी वामपंथियों ने अपने-अपने एजेंडे की पूर्ति हेतु एक ऐसा वैचारिक अधिष्ठान तैयार किया था, जिसने कालांतर में भारत को तीन टुकड़ों में विभाजित कर दिया। यह देश में पिछले 100 वर्षों की सबसे बड़ी सांप्रदायिक घटना थी। दुर्भाग्य से इसकी विषबेल खंडित भारत में अब भी न केवल जीवित है, साथ ही वह देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए चुनौती भी बनी हुई है।

भारतीय उपमहाद्वीप में पाकिस्तान कैसे उभरा, इसका उत्तर इस इस्लामी देश की सरकारी वेबसाइटों और स्कूली पाठ्यक्रम में सहज रूप से मिल जाता है। पाकिस्तानी सरकारें वर्ष 712 में अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम द्वारा सिंध के तत्कालीन हिंदू राजा दाहिर की पराजय को पाकिस्तान निर्माण का प्रारंभिक बिंदू बताती है। कासिम के बाद जिन आक्रमणकारियों, गजनवी, गौरी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब और टीपू सुल्तान आदि ने भारत में इस्लाम के नाम पर मजहबी उत्पात मचाया, वे सभी पाकिस्तान के लिए न केवल नायक हैं, अपितु प्रेरणास्रोत भी हैं। भारत का एक वर्ग हिंदी फिल्म निर्माता-अभिनेता सहित इन्हीं आक्रांताओं को राष्ट्रनिर्माता के तौर पर प्रस्तुत करता है।

**इकबाल पाकिस्तान के घोषित राष्ट्रकवि हैं। खंडित भारत में मार्क्स मैकाले चिंतक, इकबाल को दार्शनिक और कवि के रूप में प्रस्तुत करते हैं।**



यूं तो पाकिस्तान के जनक मोहम्मद अली जिन्ना हैं, परंतु 1937 से पहले उन्हें मुस्लिमों ने अपना रहनुमा नहीं माना। इसका कारण उनका व्यक्तिगत जीवन इस्लाम विरोधी था। वे शूकर-मांस और शराब का सेवन करते थे। उनकी पत्नी रत्तनबाई पेटिट, जोकि पारसी समुदाय से थी, वह इस्लामी बंधनों से मुक्त रहीं, परंतु जैसे ही जिन्ना ने इकबाल के गृहयुद्ध संबंधित आह्वान पर हिंदू विरोधी विषवमन शुरू किया, वे एकाएक तत्कालीन भारतीय मुस्लिम समाज के नेता बन गये और देखते ही देखते भारत का रक्तरंजित विभाजन हो गया।

यही नहीं, 19वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में सर सैयद अहमद खां ने अपने भाषणों से तत्कालीन मुस्लिम समाज में अलगाववाद का बीजारोपण किया था। उन्होंने अपने द्वारा स्थापित दो राष्ट्र सिद्धांत के अंतर्गत मजहबी कारणों से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध को अलग राष्ट्र बताया और उनके साथ बराबरी का दर्जा सांझा करने से इंकार कर दिया। पाकिस्तान में कई भवनों, मार्गों का नाम सर सैयद को समर्पित है।

इसी सूची में मोहम्मद इकबाल भी शामिल है। मुस्लिम लीग के प्रयागराज अधिवेशन (1930) में इकबाल ने ‘दो राष्ट्र सिद्धांत’ को आगे बढ़ाते हुए भारत में पृथक मुस्लिम देश का दर्शन प्रस्तुत किया था। इकबाल पाकिस्तान के घोषित राष्ट्रकवि हैं। खंडित भारत में मार्क्स मैकाले चिंतक, इकबाल को दार्शनिक और कवि के रूप में प्रस्तुत करते हैं। इसके लिए वे इकबाल द्वारा 1904 में लिखित ‘तराना-ए-हिंद- सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा, हम बुलबुले हैं इसके, ये गुलसितां हमारा...’ को आधार बनाते हैं। परंतु यही समूह इकबाल द्वारा इसी ‘तराना-ए-हिंद’ के जेहादी रूपांतरण ‘तराना-ए-मिल्ली’ को छिपा देता है जिसमें उन्होंने लिखा था ‘चीन-ओ-अरब हमारा, हिंदोस्तान हमारा, मुस्लिम हैं हम वतन है, सारे जहां हमारा...दुनिया के बुत कदों में पहला वो घर खुदा का, हम इसके पासबां हैं, वो पासबां हमारा...’। इसी जिहादी चिंतन को इकबाल ने अपनी मृत्यु तक सींचा।

यूं तो पाकिस्तान के जनक मोहम्मद अली जिन्ना हैं, परंतु 1937 से पहले उन्हें मुस्लिमों ने अपना रहनुमा नहीं माना। इसका कारण उनका व्यक्तिगत जीवन इस्लाम विरोधी था। वे शूकर-मांस और शराब का सेवन करते थे। उनकी पत्नी रत्तनबाई पेटिट, जोकि पारसी समुदाय से थी, वह इस्लामी बंधनों से मुक्त रहीं, परंतु जैसे ही जिन्ना ने इकबाल के गृहयुद्ध संबंधित आह्वान पर हिंदू विरोधी विषवमन शुरू किया, वे एकाएक तत्कालीन भारतीय मुस्लिम समाज के नेता बन गये और देखते ही देखते भारत का रक्तरंजित विभाजन हो गया।

एक नैरेटिव बनाया जाता है कि तत्कालीन दौर में मुस्लिम लीग को सभी मुसलमानों का साथ नहीं मिला। इस छलावे को 1946 का प्रांतीय चुनाव ध्वस्त कर देता है। इसमें मुस्लिम लीग ने जिन 492 मुस्लिम आरक्षित सीटों में अपने प्रत्याशी खड़े किये थे, उनमें 87 प्रतिशत 429 सीटें जीत में परिवर्तित हुई थीं।

इसका अर्थ यह हुआ कि अविभाजित भारत में मुस्लिम समाज का बहुत बड़ा वर्ग पाकिस्तान के पक्ष में था। तब स्वयं जिन्ना बायकुला सीट (मुंबई) से चुनाव लड़ कर भारी मतों से विजयी हुए थे, तब मुस्लिम लीग के जो नेता पाकिस्तान के लिए आंदोलित थे, उनमें से कई विभाजन के बाद न केवल भारत में रुक गए, अपितु वे भारतीय संविधान सभा से लेकर संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित भी हो गये।


यह रोचक है कि वर्ष 1938 की पीरपुर रिपोर्ट के बाद जिन विशेषणों ह्य‘फासीवादी’, ‘मुस्लिम विरोधी’, ‘गौरक्षक’, ‘जबरन हिंदी थोपने’ आदि का उपयोग करके मुस्लिम लीग और वामपंथियों ने तत्कालीन कांग्रेस को सांप्रदायिक घोषित करने और विभाजन के लिए प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप जिम्मेदार ठहराने का प्रयास किया था, वही जुमले स्वतंत्रता के बाद कालांतर में भारतीय जनता पार्टी; जनसंघ सहित और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए आरक्षित कर दिये गये।

इसमें वामपंथी- जेहादी कुनबे को कांग्रेस रूपी स्वघोषित सेकुलर दलों का साथ मिल रहा है। विगत एक हजार वर्षों में जिन भारतीय क्षेत्रों से सनातन संस्कृति का ह्रास हो चुका है और वहां अब इस्लाम का कब्जा है, उन स्थानों से बहुलतावाद, मानवता, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता का नामोनिशान शत-प्रतिशत मिट गया है।

## झारखंड की खबरें

# सरयू राय ने स्पीकर को लिखा पत्र कार्रवाई करने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददात**



**जमशेदपुर** । बीते दिनों झारखण्ड विधान सभा के मानसून सत्र-2023 में प्रश्न संख्या-अ.सू.14 का गलत व भ्रामक उत्तर देकर सदन को गुमराह करने के मामले में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरजू राय ने विधानसभा अध्यक्ष के नाम पत्र लिख कर कारवाई के लिए आग्रह किया। विधायक ने वन,पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के संबंधित अधिकारी व झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष, सदस्य व सचिव पर सदन की अवमानना का आरोप लगाया। विधायक ने कहा झारखंड सरकार के पत्रांक 2920, दिनांक 31.07.23 में सदन के पटल पर दिया गया है। विधानसभा की कार्यवाही नहीं चलने के कारण इस पर वाद-विवाद नहीं हो सका।श्री राय ने कहा अफसोस है वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा प्रश्न का दिया गया उत्तर पूर्णतः गलत व भ्रामक है। उन्होंने कहा भुरकुण्डा रेलवे साईडिंग के संबंध में अपर मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को एक पत्र बीते 16 जून को लिखा गया था। जिसकी प्रतिलिपि अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को भी दिया गया। साथ ही चांडिल रेलवे साईडिंग के संबंध में अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को एक पत्र के माध्यम से 15 जून सूचना दिया गया था। साथ ही आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। इसके बावजूद विभाग द्वारा इस तरह का गलत व भ्रामक उत्तर सदन पटल पर रखा जाना विधानसभा की अवमानना है। विधायक ने कहा प्रश्न की कंडिका-1 के उत्तर में विभाग ने चांडिल व भुरकुण्डा रेलवे प्लेटफॉर्मों पर साईडिंग स्थापना को नियमत सही बताया। कहा है 14 मार्च, 1990 के पूर्व स्थापित उद्योगों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने से मुक्त रखा गया है। यह एक हरी श्रेणी की इकाई है। स्थापना नियमतः सही है। वस्तुस्थिति यह है कोई भी उद्योग जो 1990 के पूर्व स्थापित किया गया व हरित श्रेणी में है, उसको स्थापना एवं परिचालन अनुमति से छूट नहीं दी गई है। क्या विभाग के इस जवाब का मतलब चांडिल और भुरकुण्डा रेलवे स्टेशन में रेलवे साईडिंग बिना स्थापना व परिचालन की सहमति के संचालित हो रही है।विधायक ने पत्र के माध्यम से कहा चांडिल व भुरकुण्डा रेलवे साईडिंग स्थापना के मामले में मानदंडों की घोर अवहेलना हुई है। गूगल अर्थ मैप से अथवा स्थल निरीक्षण से इसकी तस्दीक की जा सकती है। विधायक ने पत्र के माध्यम से कहा गलत व भ्रामक उत्तर देकर सदन को गुमराह करने के लिए वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड के जिम्मेदार अधिकारियों व झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष व सदस्य सचिव के विरूद्ध सदन की अवमानना के लिए कार्रवाई करने की अपिल की।

साथ ही इस बारे में रामगढ व सरायकेला खरसांवा जिला के उपायुक्त और जिला खनन पदाधिकारी से भी एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग करना चाहेंगे। इस विषय में रेल विभाग के अधिकारियों से भी वस्तुस्थिति पर एक स्वभारित प्रतिवेदन देने का निर्देश के लिये अपिल की।

## नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# नशा मुक्ति के लिए सकारात्मक और सक्रिय प्रयास करें ताकि जिले को बेहतर बनाया जा सके : डीसी

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के ग्रामीण क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास शुरू कर दी है। मौके पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक विमल कुमार नें हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय शामिल रहे। मौके पर उपायुक्त श्री शुक्ला ने जिले में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ मंत्री चम्पाई सोरेन के द्वारा



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया गया। यह अभियान 15 अगस्त से 14 सितंबर तक संचालित होगी। अभियान के तहत मासिक कैलेंडर के अनुसार विभिन्न विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा अभियान के सफल संचालन को लेकर जागरूकता के उद्देश्य से रथ को रवाना किया गया। चलंत

**यह अभियान 15 अगस्त से 14 सितंबर तक संचालित होगी।**

एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से नशा-मुक्ति के प्रति विभिन्न ऑडियो वीडियो क्लिप दिखाकर लोगों को प्रेरित किया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त ने समस्त जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा प्रशासन के द्वारा चलाए जा रहें इस मुहिम में सभी बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। ताकि नशा मुक्ति के लिए सकारात्मक व सक्रिय प्रयास कर जिले को बेहतर बना सके।

# बीच सड़क पर वाहन लगाने वालों को देना होगा दंडः अपर समाहर्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, अभियोजन स्वीकृति एवं लंबित गिरफ्तारियां जिसमें जिला प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, आधारभूत संरचना/ मेगा प्रोजेक्ट, भू-अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गयी। इस दौरान सभी दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए एनएच 99 और एनएच 100 में लाईटिंग, रोड रिफ्लेक्टर तथा बोर्ड लगाने का एवं सिमरिया, टण्डवा तथा बगरा रोड



में लाईटिंग के साथ-साथ सीसीटीवी लगाने के साथ-साथ परिसदन भवन एवं समाहरणालय के सामने नो पार्किंग का बोर्ड लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा एवं सिमरिया को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से सभी थाना प्रभारी को परिवहन कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से वाहनों की जांच करने तथा हेलमेट, ड्राइविंग लाईसेंस, वाहनों का कागजात आवश्यक रूप से जांच करने, साथ ही ऑन द स्पॉट चालान के रूप में दण्ड शुल्क लेने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा विद्यालयों और कॉलेजो के छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए जागरूक करने का भी निर्देश दिया। उन्होने सभी थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित कर औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। वहीं बैठक में शहर को जाम मुक्त करने के लिए सड़क किनारे फुटपाथ पर संचालित दुकानों को शीघ्र हटाते हुए नवनिर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने, शहर में दो पहिया, तीन पहिया तथा चार पहिया वाहन चालक द्वारा सड़क पर वाहन पार्क करने के कारण उत्पन्न जाम की समस्या से निजात पाने हेतु जिले में लगातार वाहन जांच अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होने सड़क किनारे सुखे पेड़ो को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया, जिससे सड़क दुर्घटना न हो।

# विपक्ष ने अपना फ्लोर टेस्ट खुद कराया: संजय सेठ



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के द्वारा लोकसभा का मानसून सत्र बाधित किये जाने और व्यवधान उत्पन्न करने को लेकर रांची सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। श्री सेठ ने कहा कि लोकसभा का मानसून सत्र 20 दिनों का बुलाया गया था। यह 20 दिन इसलिए ताकि देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सके। सांसद अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं सदन के माध्यम से सरकार के समक्ष रख सके। कई महत्वपूर्ण बिल विधेयक पास हो सके परंतु कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के द्वारा सदन को बाधित करने का जो कुत्सित कार्य किया गया, यह लोकतंत्र में अक्षम्य अपराध है। भले ही वह सदन से माफी मांग ले परंतु इस देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी क्योंकि जब सदन चलता है तो उसके एक-एक मिनट का महत्व होता है। विधेयक पास होते हैं। कई मुद्दों पर चर्चा होती है परंतु विपक्ष ने ऐसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया, जैसे उन्हें सदन से कोई मतलब ही नहीं। भ्रामक और दुष्प्रचार करते रहे। इस वजह से चार संसद सदस्यों को निलंबित भी किया गया, बावजूद इसके इनकी हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। मणिपुर के जिस मुद्दे को लेकर यह लोग चर्चा की मांग कर रहे थे, संसद शुरूआत होने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर चर्चा करने की बात स्वीकार कर ली थी। बावजूद इसके विपक्षी सदस्यों के द्वारा हंगामा जारी रखा गया। यहां तक कि जब गृहमंत्री भी इस मुद्दे पर सदन में अपनी बात रख रहे थे, सभी सदस्यों ने सदन को बाधित किया। अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये। सारा सच जानने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में ढाई घंटे तक बोलते रहे। बातें सुन कर विपक्ष भाग निकला। इस देश के विपक्षियों का यही आचरण है। दरअसल जो अविश्वास प्रस्ताव और फ्लोर टेस्ट विपक्षी दल कर रहे थे, वह फ्लोर टेस्ट मोदी सरकार का नहीं था। वह फ्लोर टेस्ट विपक्ष का था।

# उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, विभागीय योजनाओं का समीक्षा कर दिये दिशा-निर्देश



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने प्रखंड अंचल कार्यालय कुकडू का निरीक्षण किया। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा, कंप्यूटर कक्ष, नजीर सहित विभिन्न कक्ष का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिए। मौके पर उपायुक्त ने दोनों कार्यालय की उपस्थिति पंजी, डाक रजिस्टर, दाखिल-खारिज आवेदन सहित कई फाईलो की जाँच की। निरिक्षण के दौरान सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर विभिन्न योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने व प्राप्त आवेदन के लंबित मामलो का नियमानुसार निष्पादित करने का निदेश दिए। उपायुक्त नें कहा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदन बिना किसी ठोस कारण के रिजेक्ट ना करे। योग्य लाभुकों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करे। उपायुक्त नें कुकडू पंचायत के डाटाम गाँव मे प्रधानमंत्री आवास योजना का स्थल निरिक्षण कर शेष बचे लंबित कार्यक्रम पूर्ण करने के निदेश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरुलडीह का निरिक्षण कर उपस्थिति पंजी, दवा की उपलब्धि, भवन की स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिए।

आजाद सिपाही

रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023

www.azadsipahi.in




## भालू के हमले से तीन महिला गंभीर रूप से घायल, एक रेफर



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई जंगल में गुरुवार की सुबह खुखड़ी तोड़ने एवं मवेशी चराने गए 3 महिलाओं पर जंगली भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिलाओं में लोकाई निवासी कुसुम देवी उम्र 60 वर्ष पति स्व. रामचंद्र साव, इंदरवा निवासी नीलम देवी उम्र 24 वर्ष पति विद्यार्थी सिंह और सरिता देवी पति सुरेश सिंह शामिल हैं। भालू के हमले में घायल महिलाओं को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सरिता देवी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। जबकि दो अन्य घायल महिलाओं का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## 19 अगस्त को बुजुर्गों के लिए कैंप का आयोजन होगा: डॉक्टर संदीप



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि आने वाले 19 अगस्त को (वृद्ध) बुजुर्गों का कैंप आयोजन आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में दिन 10 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को (वृद्ध) बुजुर्गों का इलाज किया जाता है। जिसमें 60 वर्ष के ऊपर के लोगों का बीपी शुगर आदि बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा साथ ही उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जयनगर के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में प्रतिदिन 9 बजे से 3 बजे तक सभी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।

## ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित भी मौजूद रहीं। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस, पंचायती राज और रुर्बन मिशन आदि विभागों की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की गयी। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम पोटो हो खेल योजना के लिए प्रखंड स्तर पर खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का निर्देश उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को दिया। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना में जिला 23वें पायदान में है जो नाकाफी है। उन्होंने कहा की इस योजना को लेकर अन्य जिलों में कार्य हो रहे है लेकिन हजारीबाग जिला में इस क्षेत्र में कमतर काम होना प्रखंड स्तर पर कम इच्छाशक्ति को दशार्ता है। उपायुक्त ने राज्यस्तर से संचालित योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा मजदूरों का मास्टर रोल में ऐप के माध्यम इंट्री कार्य, सक्रिय मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कार्यों का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण हेतू प्रथम चरण की स्थिति की जानकारी ली। मनरेगा के तहत जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित योजनाएं धरातल पर उतरे और लोग लाभान्वित हो इसके लिए आम लोगों की भागीदारी और सामुदायिक जिम्मेवारी के माध्यम से योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा। वही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए लाभुकों को कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्र भ्रमण करने और किस्तों का भुगतान समय पर करने का निर्देश उपायुक्त ने निर्देश दिया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किये बेहतरीन मॉडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** रामकृष्ण मिशन स्कूल मरकच्चो में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें चतुर्थ वर्ग से दशम वर्ग के अध्ययनरत 70 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपने मॉडल प्रदर्शित किए। बच्चों ने होम एप्लेन्स कंट्रोलर, स्मार्टफोन कंट्रोल रोबोट, स्वाइल मॉस्चर इंडिकेटर, रेन डिटेकटर, ऑटोमेटिक डोर बेल सिस्टम, ऑटोमेटिक वॉटर लेवल इंडिकेटर, ऑटोमेटिक फ्लोर लाइट, एल्कोहल डिटेकटर, डीसी वाटर पंप, पोर्टेबल मोबाइल चार्जर, सोलर एलइडी गलोविंग, पोर्टेबल फैन इमरजेंसी लाइट आदि के मॉडल प्रदर्शित किए।

अंत में विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल मृतक नंदकिशोर मेहता के परिजनों से मिला



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल इचाक प्रखंड के हदारी गांव के नंदकिशोर मेहता के परिवार से मिलकर परिवार पर आई विपदा की विस्तृत जानकारी ली। ज्ञात हो कि इसी महीने की 1 तारीख को परिवार के मुखिया नंदकिशोर प्रसाद मेहता ने परिवार की आर्थिक स्थिति से टूटकर कुएं में कूद कर अपनी जान दे दी थी। ठीक उसके 6 दिनों के बाद उसकी कैंसर ग्रसित पत्नी ने दम तोड़ दिया था। अब परिवार में कमाने वाला कोई व्यक्ति नहीं रहा तथा उसके तीन नाबालिक बच्चे के सर से माता-पिता का साया उठ गय इसके अतिरिक्त मृतक की बुजुर्ग एवं विधवा दादी तथा विधवा माता ही इन बच्चों का सहारा है। परिवार जनों से मिलकर चेंबर के पदाधिकारी ने उन्हें शौक प्रकट की उन्होंने बताया कि अब तक उन्हें सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई, हां आश्वासन जरूर मिला। चेंबर की ओर से तत्काल मृतक की माता कौलेश्वरी देवी को 5100 रुपए की नगद राशि दी और भविष्य में और भी सहायता का आश्वासन दिया।

## बाइक से गिरने से महिला की हुई मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत बगड़ो-काराखुट रोड में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रेशमी देवी (उम्र 60 वर्ष, पति मदन साव) डोमचांच के महथाडीह निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर जयनगर जा रही थी। मृतका के पुत्र ने सदर अस्पताल में बताया कि बाइक पर सवार उनकी मां को चक्कर आने के बाद वह अनियंत्रित होकर बाइक से रोड पर गिर गई। जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई। इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



साइना तिग्गा

विडियो टाटीझरिया प्रखंड
प्रखंड क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



पंकज कुमार

अधिवक्ता झरपो
हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेश यादव

टाटीझरिया मुखिया
सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष
टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उमेश पांडेय

प्रखंड अध्यक्ष टाटीझरिया
सह प्रदेश सचिव कान्यकुब्ज
ज्योतिषी ब्रहाण समाज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रेखा देवी

मुखिया डहरभंगा
पंचायत टाटीझरिया
निवेदक रविंद्र यादव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेंद्र कुमार उर्फ राजा

उप मुखिया झरपो
पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



शिबू प्रसाद सोनी

मुखिया झरपो पंचायत
सह बीस सूत्री अध्यक्ष
टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संतोष मंडल

प्रमुख
टाटीझरिया सह प्रदेश
प्रमुख संघ महासचिव सह
प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुमारी माधुरी

मुखिया खैरा पंचायत
टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




आर पी मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रवि वर्णवाल

उपप्रमुख
टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कांति देवी

मुखिया
धरमपुर टाटीझरिया
निवेदक अशोक यादव
समाजसेवी धरमपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



ललित सेठी

मंत्री श्री दिगंबर
जैन समाज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वास्तिका कुमारी

मुखिया भराजो पंचायत
निवेदक उपेंद्र कुमार पांडेय
बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि
टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दिलीप कुमार शर्मा

समाज सेवी झरपो
टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संतोष यादव

जिला अध्यक्ष ओबीसी
प्रकोष्ठ कोडरमा जिला
कांग्रेस कमेटी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




विनायक रेस्टोरेंट

जिरवाबाड़ी थाना निकट
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



आनंद आजाद

टाटीझरिया थाना
प्रभारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्येंद्र कुमार दीपक

झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक
संघ जिला अध्यक्ष सह मध्य
विद्यालय झरपो प्रधानाध्यापक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रमोद आनंद

कल्याण पदाधिकारी
साहिबगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित कुमार यादव

बरकट्ठा विधायक
निवेदक उपेंद्र कुमार पांडेय
प्रतिनिधि टाटीझरिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विवेक कुमार

ब्रांच मैनेजर झरपो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मो नईम अंसारी

जेएमएम नेता
साहिबगंज

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को डीसी ने दिये कई निर्देश, कहा

# तीन दिन में सड़कों के पास सूखे पेड़ों को चिह्नित करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी चंदन कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में डीसी ने चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर एसपी को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए पूरे चुट्टूपालू घाटी में दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित करने और उन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में साइनेज बोर्ड लगवाने और साइनेज बोर्ड पर दुर्घटना से बचाव संबंधित जागरूकता संदेश व एंबुलेंस सहित अन्य आवश्यक जानकारी होना



सुनिश्चित कराने का कार्य 10 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

**एनएचएआई अधिकारी को डीसी ने दी चेतावनी**

चुट्टूपालू घाटी में लगाए गए लाइटों के कार्य नहीं करने व इसके कारण दुर्घटना की संभावना को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने एनएचएआई के अधिकारियों को तत्काल रुप से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने और उनके माध्यम से सभी लाइटों का ससमय कार्य करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

वहीं, उक्त आदेश की अवमानना होने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी डीसी ने एनएचएआई के अधिकारियों को दी गयी।

**3 दिनों के अंदर सड़कों के पास सूखे पेड़ों को चिन्हित करें**

सड़कों के आसपास सूखे पेड़ों से दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर बैठक के दौरान डीसी ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को 3 दिनों के अंदर अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों के आसपास सभी सूखे पेड़ों को चिन्हित कर संबंधित सूची वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## जादूगर शंकर सम्राट का इंद्रजाल फैलेगा रामगढ़ में, दिखेंगे गायब हुए डायनासोर

**रामगढ़।** शहर में एक बार फिर जादूगर शंकर सम्राट अपना इंद्रजाल फैलाएंगे। उनका मायाजाल लोगों को इस तरीके से आकर्षित करेगा कि हर दर्शक हैरान रह जाएगा। गुरुवार को रामगढ़ के रांची रोड स्थित गंगा रीजेंसी में उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि उनकी टीम लोगों को चौंका देने वाली करतब दिखाएगी। उन्होंने बताया कि धरती से विलुप्त हुए डायनासोर भी बच्चों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। यह प्रजाति कैसे विलुप्त हुई, और किस तरह इस धरती पर इस विशालकाय जानवर का राज था, पूरा वर्णन उनके जादू में दिखेगा। इसके अलावा अमेरिका के स्टेचू ऑफ लिबर्टी का प्रदर्शन भी वह करेंगे।

## ओपी जिंदल स्कूल में मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस



**भुरकुंडा।** जेएसपी पतरातू ने ओपी जिंदाल स्कूल में मंगलवार को उत्साह एवं जोश के साथ 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्लांट हेड आरके अजमेरिया ने समृद्धि और विकास की दिशा में प्रतिबद्धता और समर्पण के प्रति सभी की सराहना की और कहा कि आप सभी के समर्पण और परिश्रम के फलस्वरूप जिंदल स्टील एंड पावर को ग्रेट प्लेस टू वर्क जैसा महान सम्मान मिला। इस उपलक्ष्य में अपने देशभक्ति और गर्व की भावना को व्यक्त किया और स्वतंत्रता सेनानियों की यादों को समर्पित किया। एक साथ मिलकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महानता का गर्व महसूस किया और देश के विकास में अपने योगदान के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया।

## मां छिन्नमस्तिका के दरबार पहुंचे साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत, एसपी ने किया स्वागत



**रामगढ़।** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत को कलाकारों ने ईश्वर का दर्जा दिया है। गुरुवार को सुपरस्टार रजनीकांत रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में लगे रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। रजनीकांत के अचानक यहां आने की खबर जैसे ही उनके फैंस को लगी, लोग सेल्फी लेने के लिए मंदिर पहुंच गए। रजनीकांत की यहां आने की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। गुरुवार को राज्यपाल से मिलकर सुपरस्टार रजनीकांत निकले तो अचानक उनका काफिला रांची से रामगढ़ की तरफ मुड़ गया। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका के चरणों में अपना शीश नवाया। हालांकि इस दौरान मीडिया से उनकी बात नहीं हो पाई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेखा देवी
वार्ड सदस्य ग्राम हेसातु जलमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार बेदिया
युवा समाज सेवी हेसातु

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चमरू बेदिया
आजसू पार्टी कार्यकर्ता सह समाज सेवी हरातु पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुष्का सिमेंट सेंटर
थाना चौक सिकिदीरी रांची

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहदेव बेदिया
मुखिया पंचायत कुच्चू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र बेदिया
मुखिया पंचायत हरातु

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूरन राम साहू
भाकपा नेता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार गुप्ता
प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंचमी देवी
पूर्व पंसस कुच्चू
निवेदक बालेश्वर बेदिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र प्रसाद शाही मुण्डा
जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीत विश्वकर्मा
एसएन विश्वकर्मा ,विश्वकर्मा न्यास समिति

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरा देवी
मुखिया जयनगर पंचायत पतरातु परखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेन्द्र कुमार
व्यवसायी गेतलसुद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहसीन खान
कार्यकर्ता आजसू पार्टी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव शंकर पांडे
अंचल अधिकारी पतरातु

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन जिंदाबाद
संजीव बेदिया
केंद्रीय सचिव, झारखंड मुक्ति मोर्चा
निवेदक : उदय अग्रवाल, इस्लाम अंसारी, शौकत अंसारी, लक्ष्मी राम, दौलत सिंह, कोलेश्वर राम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फाल्गुनी शाही
पंसस प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बुधराम बेदिया
एसटी मोर्चा महामंत्री भाजपा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविंद्र पासवान
जिला अध्यक्ष रामगढ़ बहुजन समाज पार्टी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवनेश्वर बेदिया
मुखिया प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित्रा देवी
मुखिया सुरसु पंचायत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
BEPL
Bhavani Erectors pvt.Ltd

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामानन्द बेदिया
मुखिया पंचायत टाटी जिला उपाध्यक्ष झामुमो सह सिल्ली विधान सभा प्रभारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामधन बेदिया
आजसू पार्टी वरियता जिला उपाध्यक्ष सह खिजरी विधन सभा प्रभारी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक: बब्लू जोन्हा
हमारा लक्ष्य, पढाई दवाई और न्याय

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम तपस्या सिंह
वरिष्ठ सदस्य भाजपा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तापेश्वर महतो
रांची जिला उपाध्यक्ष झारखंड कुम्हार महासभा

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


## बूढ़ा पहाड़ पर गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने की सीआरपीएफ ने दिलायी शपथ



**गढ़वा (सिपाही संवाददाता)।** सीआरपीएफ की 172 बटालियन सीआरपीएफ ने 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह ने देश की वीर गाथा के समन्वय अधिकारी एवं जवानों को बताया शहीदों के बलिदान को याद करते हुए। वाहिनी कर्मियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय के अतिरिक्त गढ़वा जिले के सुदूर इलाकों में तैनात 172 बटालियन के विभिन्न कंपनियों सहित झाऊलडेरा बूढ़ा पहाड़ पर 172 बटालियन सीआरपीएफ एवं झारखंड पुलिस बल के जवानों के संयुक्त कैंप में हर्षोल्लास के साथ झंडा फहराया गया। वही 172 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारी व जवानों ने बूढ़ा पहाड़ के निकटवर्ती गांव में आम नागरिकों व बच्चों के साथ मिलकर तिरंगा रैली निकाली। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारी एवं जवानों ने एक शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। मौके पर 172 बटालियन सीआरपीएफ के जीटीए कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, उप कमांडेंट यूआर रामेश्वरम, सहायक कमांडेंट सूबेदार मेजर रणवीर सिंह, निरी जीडी धीरज सिंह, रतन सिंह, यशवीर सिंह, दिलधर उरांव, डीके शर्मा साहित्य सभी कर्मियों ने अपनी भागीदारी निभायी।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने विवाह सामग्री का किया वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की ओर से मंगलवार को जिला मुख्यालय के फफरठिया निवासी जयराम चौधरी की पुत्री व ऊंचरी मोहल्ला निवासी संजय राम की पुत्री को विवाह सामग्री दी गयी। प्रबंधक बबन उर्फ अयूब खान ने बताया कि संस्था की ओर से बर्तन सेट, बेडशीट, तकिया, रजाई तोशक, बक्सा वर वधू के कपड़े और श्रृंगार का सामान दिया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अब तक दर्जनों गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग किया है। इस अवसर पर शहर ऑफिस इंचार्ज बबन खान, टिंकू तिवारी, मुकेश कुमार मेहता, सुनीता देवी, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## पत्रकार की सास का आकस्मिक निधन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही पत्रकार रविकांत चंद्रवंशी की सासु मां भवनाथपुर थाना क्षेत्र के टाउनशिप स्थित सिंदुरिया झोपड़पट्टी निवासी सुदर्शन चंद्रवंशी की 62 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी की आकस्मिक मृत्यु मंगलवार की देर रात हो गयी। सूचना पात ही जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा एवं विधायक भानु प्रताप शाही के निजी पीए धनंजय कुमार आकर परिजनों को सांत्वना दी। जिला पार्षद सदस्य ने आश्वासन दिया कि परिजनों को दाह संस्कार में हरसंभव मदद की जायेगी। उर्मिला देवी के दाह संस्कार दुल्हर नदी घाट पर किया गया।

## डॉ यासिन मिल्लत इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा टीम गढ़वा द्वारा गुरुवार को डॉ यासिन मिल्लत इंटर कॉलेज गढ़वा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के संस्थापक डॉ यासीन अंसारी ने सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, आइटी असिस्टेंट सड़क सुरक्षा, नीरज कुमार पांडेय का स्वागत किया। उन्होंने रैश ड्राइविंग, नशे में ड्राइविंग, बिना लाइसेंस के ड्राइविंग, ट्रिपल लोडिंग और सुरक्षा नियमों की अनदेखी से बचने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के समापन के बाद महाविद्यालय परिवार की तरफ से महाविद्यालय के संस्थापक डॉ यासीन अंसारी द्वारा दोनों को साल ओढा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सगीर खान, शिक्षक आर के तिवारी, डीके चौबे, जहीर आलम अंसारी, संतोष, आकिब अंसारी, जमील अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री ने किया तिलदाग और कुंडी विद्युत उपकेंद्र का उद्घाटन

# मिलेगी निर्बाध बिजली, ओवरलोड और ब्रेकडाउन से मिलेगी निजात : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड अंतर्गत तिलदाग एवं कुंडी ग्राम में नवनिर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इन दोनों विद्युत शक्ति उपकेंद्र को बन जाने से पूरे गोवावल क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही फरठिया सब स्टेशन का भी लोड कम हो जायेगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिले के गांव-गांव में निर्बाध बिजली मिल सके, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। ओवरलोड एवं ब्रेकडाउन की समस्या से निजात दिलाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड संपूर्ण बिजली अच्छादन योजना, चरण - 2 के तहत तिलदाग एवं कुण्डी ग्राम में क्रमशः चार करोड़ व साढ़े तीन करोड़ की लागत से 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण कराया गया है।

मंत्री ने कहा कि उनके विशेष प्रयास से तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्परता से वर्ष 2020 में ही गढ़वा जिले में बिजली की समस्या दूर करने का उल्लेखनीय कार्य प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कराया गया। यह गढ़वा जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह मेरे ही प्रयास का ही परिणाम है कि गढ़वा जिले में अब 20 से 22 घंटे तक बिजली मिल रही है। गढ़वा जिले की बिजली समस्या दूर करना उनकी एवं मेरी प्राथमिकता सूची में था। जिस दिन श्री सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, मैंने उन्हें बधाई देते हुए सर्वप्रथम गढ़वा जिले की बिजली समस्या दूर करने का आग्रह किया था।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि भाई की तरह हमेशा आपके सुख दुख में आपके साथ हूं और आगे भी रहूंगा। मौके पर झामुमो के जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, अनीता दत्त,जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नसीम अख्तर, मीडिया प्रभारी दिलीप गुप्ता, मुखिया नारद तिवारी, संजय चंद्रवंशी, नीरज तिवारी, धनंजय पासवान, फंटूस गुप्ता उपस्थित थे।

# मंत्री ने 1000 कांवरियों को बोल बम यात्रा पर किया रवाना

- कोई भी कार्य राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, सेवा भावना से करता हूं : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से गुरुवार को 20 लग्जरी बसों में एक हजार कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना किया। इस यात्रा में कांवरियों को बाबा बैजनाथ धाम, बासुकीनाथ एवं रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर का भ्रमण कराया जायेगा। इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी कांवरियों को भोजन कराया गया। उसके बाद वहां से बाजे गाजे के साथ कांवर यात्रा निकाली गयी। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कांवरियों के साथ पैदल अपने आवास से चिनियां मोड़ काली मंदिर एवं रंका मोड़, मेन रोड होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। इसके बाद बस स्टैंड पहुंच कर वहां से सभी को बोल बम के लिए रवाना किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे कोई भी काम रानीतिक लाभ के लिए या राजनीतिक भावना से नहीं, बल्कि सेवा भावना से करते हैं। जो भी व्यक्ति सच्ची भावना से कार्य करता है, हमेशा उसे भगवान भोलेनाथ एवं माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वे भगवान भोलेनाथ से यह कामना जरूर करें कि मैं अंतिम सांस तक गढ़वा एवं गढ़वा वासियों की सेवा कर सकूं। मंत्री ने कहा कि सभी कांवरिया बाबा भोलेनाथ से गढ़वा के अमन, चैन, सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनीता दत्त, ताहिर अंसारी, शरीफ अंसारी, मासूम खान, राजकिशोर यादव, छोटू सिंह खरवार आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पाल, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, मीडिया प्रभारी दिलीप गुप्ता, चंदा देवी, कंचन साहु, ओमप्रकाश गुप्ता, अराधना सिंह, फुजैल अहमद, संजय चौधरी, नीलू खान उपस्थित थे।

### गढ़वा टेबल टेनिस टीम जमशेदपुर रवाना

# खिलाड़ी बेहतर कर रहे हैं : अलखनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जमशेदपुर में 18 अगस्त से आयोजित होने वाले झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की टीम गुरुवार को चोपन-रांची एक्सप्रेस से रवाना हो गयी। संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, नंद कुमार गुप्ता, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सदस्य अजय ठाकुर और अभिभावकों में रमा दूबे, हरि पाल, जयदेव पाल, शिशिर पाल, नागेंद्र चौधरी ने जीत की शुभकामनाए देते हुए रवाना किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि आप सभी खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन कर रहे हैं। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप लोगों ने टेबल टेनिस खेल को एक नया आयाम दिया है। नंद कुमार गुप्ता ने कहा की आप लोगो ने काफी कम समय में नेशनल खिलाड़ी के रूप में जगह बनायी है। अशोक कुमार दुबे ने कहा कि आप अपने मैच के दौरान अपनी पूरी शक्ति लगा दें तो आपको कोई जीत से नहीं रोक पायेगा। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की शुक्रवार से जमशेदपुर में आयोजित प्रतियोगिता में 26 सदस्यीय टीम भाग लेने जा रही है।

**गढ़वा टेबल टेनिस के 26 खिलाड़ी जमशेदपुर रवाना होनेवाले खिलाड़ियों के नाम :** गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम के 26 सदस्यीय टीम में जमदेशपुर रवाना होई टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पांडेय, कार्तिक पाल,नितीश कुमार मेहता,अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पांडेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, हिमांशु पाल, उज्ज्वला कुमार, रिशु तिवारी, अनुप कुमार, आशा रानी, मयंक राज, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी, अनुष्का शर्मा, अनिका सिंह को शामिल किया गया है। टीम का कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को एवं बालक टीम का मैनेजर नागेंद्र चौधरी को और बालिका टीम का मैनेजर मीस माया को बनाया गया है।























































## मुख्यमंत्री ने 39 करोड़ रुपये की मंजूरी दी सवा सात लाख लोगों को फायदा होगा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बरगड जिले में तीन बड़े पुलों के निर्माण के लिए 39 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। इन तीन नये पुलों से जिले के करीब 7.25 लाख लोगों को फायदा होगा. मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि इससे जिले में परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक सुविधाओं के विकास और आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। स्वीकृत तीन पुलों में से एक प्रमुख पुल बरपाली में है। बरपाली के जीलोट नहर पर पुल का निर्माण कराया जायेगा। 120 मीटर लंबे इस पुल पर 15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह बरगड और बरपाली ब्लॉक मुख्यालयों के साथ-साथ जिला मुख्यालय को भी संयोग सुविधा से जोड़ेगा। इससे करीब 2 लाख 25 हजार लोगों को फायदा होगा। इसी तरह बरगड पौरांचल आगांव नहर पर 60 मीटर लंबे पुल के निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। यह परपाली और वेडेन ब्लॉक मुख्यालय को बरगड जिला मुख्यालय से जोड़ेगा। इससे 2 लाख 50 हजार लोगों को फायदा होगा। तीसरा पुल सरला नहर पर बनाया जायेगा। 150 मीटर लंबे इस पुल के लिए 12 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। यह भटली ब्लॉक मुख्यालय को बरगड और अताबिरा ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ेगा। इससे 2.50 लाख लोगों को फायदा होगा।

## किट-किस में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। किट-किस, किम्स और किट इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छात्रों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति कुमार ने कहा कि किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के अच्छे काम की बदौलत आज कीस दुनिया भर में लोकप्रिय हो चुका है। इस मौके पर संस्थापक डॉ सामंत ने कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम अपने भाषण में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया था। हम किट और किस के माध्यम से पिछले 30 वर्षों से ऐसा हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर छात्र अच्छी शिक्षा प्राप्त करें तो वे स्वतंत्रता का मूल्य समझ सकते हैं। किट-किस के सचिव आरएन दास, किस के कुलपति प्रोफेसर दीपक बेहरा, कुलसचिव डॉ प्रशांत कुमार राउतराय एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता अवसर पर उपस्थित थे। इसी प्रकार किट विश्वविद्यालय में संस्थापक डॉ. सामंत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर किट विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सस्मितारानी सामंत, कुलसचिव प्रोफेसर शरणजीत सिंह, कुलसचिव डॉ. ज्ञानरंजन मोहंती उपस्थित थे। इसी प्रकार किम्स में कुलपति डॉ. सीबीके मोहंती ने और किट इंटरनेशनल स्कूल मैं चेयरपर्सन डॉ. मोनालिसा बल ने ध्वजारोहण किया।

## सोआ में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा और अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (सोआ) ने सोमवार को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। सोआ कैंपस 5 स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर प्रोफेसर नंदा ने कहा कि भारत ने 76 साल पहले स्वतंत्रता प्राप्त की थी, लेकिन हम सभी आज उस महान स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। प्रो नंदा ने कहा कि विविधता में एकता भारत की पहचान है क्योंकि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। 26 साल पूरे कर चुके प्रोफेसर नंद सोआ इस बात की जानकारी रख रहे थे कि उन्होंने इस समय शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह से अपना प्रतिनिधित्व किया है। प्रो नंद सोअर ने इस उपलब्धि के लिए संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नाइक को धन्यवाद दिया। इसी तरह प्रो नंद ने कहा कि सोआ 26 वर्ष पूरे कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे वे इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में खुद को मजबूत करने में सक्षम रहे हैं। प्रो नंद ने इस उपलब्धि के लिए सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोज रंजन नायक को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सोआ छात्रमंगल के डीन प्रोफेसर ज्योत रंजन दास ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय की ओर से एक 'ग्रीन क्लब' शुरू किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण है।

## नालको देशभक्ति एवं उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) की सभी इकाइयों, निगम कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में 77वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। नालको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने अनुगुळ, ओड़िशा में स्थित कंपनी के प्रद्रावक एवं विद्युत संकुल का दौरा किया। अपने संबोधन मेंश्री पात्र ने नालकोनियन से इस अमृत बेला में राष्ट्र निर्माण के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का आग्रह किया। देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले 'वीरों' को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री पात्र ने मेरी माटी मेरा देश पहल के तहत पौधे लगाये। अन्य लोगों में एके स्वाईं, कार्यपालक निदेशक (प्रद्रावक एवं विद्युत) एवं एकक के वरिष्ठ अधिकारीगण इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। हर घर तिरंगा अभियान के तीन दिवसीय उत्सव का समापन एक तिरंगा बाइक रैली के साथ हुआ। भुवनेश्वर स्थित नालको के निगम मुख्यालय में, भूतपूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ एसके टमोटिया ने राष्ट्र-ध्वज फहराया।

## जेएसपी फाउंडेशन ने अंगुल में 200 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को डिजिटल डायग्नोस्टिक उपकरण दिये



भुवनेश्वर/अंगुल (आजाद सिपाही)। जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक शाखा, जेएसपी फाउंडेशन ने जिले में शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने के लिए एक प्रौद्योगिकी-संचालित पहल, प्रोजेक्ट स्पार्सा लॉन्च करने के लिए अंगुल जिला प्रशासन के साथ हाथ मिलाया है। मंत्री (उद्योग, एमएसईएम और ऊर्जा) प्रताप केशरी देब ने 15 अगस्त 2023 को परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने जिले के 200 स्वास्थ्य उप केंद्रों की एएनएम को डिजिटल डायग्नोस्टिक किट सौंपी। अंगुल जिला प्रशासन ने जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के सामाजिक संगठन जेएसपी फाउंडेशन के साथ साझेदारी में जिले में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रोजेक्ट टच लॉन्च किया है। इस अवसर पर अंगुल के जिला कलेक्टर श्री सिद्धार्थ शंकर स्वाइं, पुलिस अधीक्षक सुधांशु शेखर मिश्र, सीडीएमओ अंगुल डॉ त्रिलोचन प्रधान, जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत होता उपस्थित थे। मंत्री श्री देव ने जिले में इस तरह की नवीन परियोजनाओं के लिए सहयोग के लिए जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल और जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल की सराहना की।

## देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में बैठक

# 'जान देंगे-जमीन नहीं' की आवाज बुलंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड के तरवागड़ा और उरैली सहित अन्य पंचायत सचिवालयो में शुक्रवार को मुखिया की अध्यक्षता में देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज प्रस्ताव के विरोध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया द्वारा किया गया। बैठक में किसी भी हाल में फायरिंग रेंज के लिए जमीन नहीं देने का निर्णय लिया गया। इस दौरान लोगों ने एक स्वर से जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे का नारा बुलंद किया। इसके अलावा फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में एक पंचायत स्तरीय कमेटी बनायी गयी तथा आगामी बैठक 20 अगस्त को बहेरी जिलामनी नर्सिंग स्कूल में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी जनप्रतिनिधि और बुद्धिजीवी लोगों को शामिल होने की बात कही गई। बैठक में तरवागाड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी दिलीप कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि विनोद कुमार तथा उरैली पंचायत सचिवालय में मुखिया संजय कुमार सिंह, उप मुखिया पिंटू सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि के अलावा विजय यादव, महेंद्र यादव, भगवान यादव, विनय सिंह, महेंद्र सिंह, विवेक कुमार सिंह, सिरदला मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत मृतक के आश्रित को मिला दो लाख का चेक



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जोरी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के आश्रित को दो लाख रुपये का चेक भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, स्थानीय मुखिया मोहम्मद शमशाद, समाज सेवी कमलेश कुमार यादव, उप प्रमुख राहुल कुमार गुप्ता के अलावे एलडीएम देववरत शर्मा, प्रभारी सेकेंड बैंक मैनेजर केदार साव मौजूद थें। इस मौके पर प्रमुख ममता कुमारी ने बैंक खाताधारको से अनुरोध किया कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रधानमंत्री ज्योति बीमा के तहत प्रत्येक साल बीमा करवाना चाहिए। आकस्मिक घटना दुर्घटना में परिवार का आर्थिक सहयोग दो लाख तक का प्रावधान है। जिसे मृतक के आश्रित को उपलब्ध कराया जाता है।

## गुरुकुल रेजिडेंशियल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

चतरा (आजाद सिपाही)। गुरुकुल कल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल रेसिडेंशियल स्कूल भोंदल में 77वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। जो विद्यालय से प्रारम्भ होकर सीआरपीएफ कैंप होते हुए विद्यालय में आकर समाप्त किया गया। जिसके पश्चात कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया द्वारा प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरूण चौरसिया ने कहा कि आजादी का पर्व हमें हर वर्ष उन वीरों की याद दिलाता है, जो देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने विद्यालय के बच्चों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा भाषण, कविता और नृत्य के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यभूषण के द्वारा इस वर्ष बाल संसद के चयनित बच्चे सुमित कुमार, अंजलि दास, हिमांशु कुमार, रितिक कुमार और आदर्श राज को पट्टा देकर सम्मानित किया गया। सूर्यभूषण ने बताया कि लोकतंत्र हमारे देश की रीढ़ है, ऐसे में विद्यालय के अंदर बाल संसद का निर्माण करके बच्चों को नेतृत्व करने की क्षमता का विकास करना हम लोगों का मुख्य ध्येय है। उन्होंने इस अवसर पर सभी भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। विद्यालय के बच्चों ने भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद और बिरसा मुंडा बनकर बहुत ही सुंदर झांकी की प्रस्तुति विद्यालय स्थल से लेकर हंटरगंज थाने तक किया।

### पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIIBBS2023038, दिनांक : 03.08.2023

**कार्य का नाम:** तालचेर-बिमलागढ़ नयी BG रेल लिंक प्रोजेक्ट : सुनाखनी-सामल, सामल-परबिल, परबिल-खमार सेक्शन के बीच रेलवे विनिर्देश के अनुसार ठेकेदार की मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग मशीन/प्लांट द्वारा 60 कि.ग्रा./52 कि.ग्रा. रेल ज्वाँईंट की फ्लैश बट वेल्डिंग का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 82.10 लाख, EMD (₹): 1,64,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 04 (चार) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक : 25.08.2023 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http:// www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर - 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/भुवनेश्वर

PR-56/CG/23-24

### भारतीय खाद्य निगम
### क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर

File No: S&S/2/OMSS(D)/Wheat/2023-24 Date: 17.08.2023

**प्रेस नोट**

गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है की, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई–नीलामी के माध्यम से 50 LMT गेहूं और 25 LMT चावल खुले बाजार में उतारेगी। चावल का आरक्षित मूल्य रु.3100/क्विंटल रुपये से घटाकर रु. 2900/क्विंटल किया गया। प्रति व्यापारि बोलीदाता को चावल की ई–नीलामी के लिए 1000 मीट्रिक टन तक की अनुमति है,

एफसीआई द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआई ओडिशा क्षेत्र के 11 केंद्रों से 7000 मीट्रिक टन गेहूं और 6000 मीट्रिक टन चावल ई–नीलामी के लिए पेश किया गया है। ओएमएसएस (डी) योजना के तहत गेहूं और चावल की बिक्री के लिए एफसीआई द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को निविदा निकाली जाती है और इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी में भाग लेने के लिए एम–जंक्शन (http://www.valuejunction.in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। महाप्रबंधक (क्षेत्र)

### नीलामी बिक्री सूचना

सं.: सी.1088-1089/ऑक्शन/आरएनसी एंड एचटीई/पार्सल/23, दिनांक 14.08.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में नीलामी बिक्री आमंत्रित की जाती है। भारतीय रेल अधिनियम 1989 की धारा-83 एवं 84 के अधीन प्राप्त शक्ति के अनुसार खुली बोली प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार नीलामी बिक्री संचालित की जाएगी: **पार्सल कार्यालय/रांची में पड़ी हुई नीलाम की जाने वाली सामग्रियाँ: रांची पार्सल कार्यालय:** (1) 3 जीपी बंडल एच.एच. गुड्स, (2) 1 जीपी सीटीएन. चाइना क्ले, (3) 23 सीटीएन. वैज्ञानिक सामग्रियां, (4) 02 जीपी/बंडल थर्मामीटर, (5) 1 पैकेट बैग महिला स्कूल यूनिफॉर्म वजन 13 किग्रा, (6) 06 सीटीएन. मेडिकल इक्युपमेंट आरएफ 98 किग्रा, (7) 01 पुरानी एवं इस्तेमाल की हुई बाईसाइकिल, (8) 01 सीटीएन. पुराने एवं इस्तेमाल किया हुआ रेडीमेड वस्त्र, कुल वजन-18 किग्रा, (9) 01 पी/बंडल, पुरानी हैंड बिल, वजन-26 किग्रा, (10) 01 पी/बंडल, माइक्रो सिलिका का ब्लैक पावडर, वजन-24 किग्रा, (11) 02 पी/बंडल, (1) 28 पीस जागृति रजिस्टर (2) 22 पीसी जागृति रजिस्टर, कुल 50 पीस एवं कुल वजन-40 किग्रा., (12) 02 अदद पुराना एवं इस्तेमाल किया हुआ "सीएट" टायर (चार पहिया पुराना टायर), (13) 06 पी/बीडीएली, (1)-02 पीस पलंग के हिस्से (लंबा आकार), (2)-02 पीस पलंग के हिस्से (छोटा आकार), (3)-पलंग की प्लाईवुड शीट, (4)-पलंग की प्लाईवुड शीट, (5)-पुराना गद्दा, (6)-पुराना मैट्रेस, (14) 10 पी/बीडीएलई (1)-किचन कूकिंग सामग्रियों का इंडक्शन स्टोव 01 पीस, (2)- पुराना एवं इस्तेमाल किया हुआ 01 गद्दा एवं 02 पीस तकिया क्षतिग्रस्त दशा में, (3)-रेक के साथ लकड़ी का टेबल (आकार 3 फीट), (4)-एक हेलमेट (इस्तेमाल किया हुआ) तथा एक स्टैबिलाइजर, (5)-03 सीसीटीवी कैमरा साथ में डीवीआर 03 सेट, (6)-बिस्तर का 02 पीस प्लाईवुड लंबा आकार, (7) -बिस्तर का 02 पीस प्लाईवुड छोटा आकार, (8)-पलंग के प्लाईवुड का हिस्सा, (9) पलंग के प्लाईवुड का हिस्सा, (10) मैट्रेस (गद्दा) के साथ फोल्डिंग बेड, (15) 02 पी/बंडल (1) 48 पीस टिन पाइप, वजन-10 किग्रा, (2) 48 पीस वाइपर, वजन 9 किग्रा, (16) 01 पी/बंडल - एक पुराना एवं इस्तेमाल किया हुआ मैट्रेस (04 x 06 फीट), (17) 01 पी/बंडल-एस.डी.पी.आई. मार्क फ्लैग का क्रमांक, वजन-45 किग्रा, (18) 01 पी/बंडल - एक पुरानी एवं इस्तेमाल की हुई बाईसाइकिल बीएसए कंपनी, (19) 05/01 बाईसाइकिल (डॉयनामिक कंपनी की महिला बाईसाइकिल)। **नीलामी संचालन अधिकारी के साथ तारीख** : नीलामी संचालन अधिकारी: एसीएम (एफएम)/रांची, दिनांक: 12.09.2023, समय : पूर्वाह्न 11.30 बजे। नीलामी का स्थान : पार्सल कार्यालय, रांची। **हटिया पार्सल कार्यालय:** 01 (एक) मोटर साइकिल, **नीलामी संचालन अधिकारी के साथ तारीख** : नीलामी संचालन अधिकारी: एसीएम (एफएम)/रांची, दिनांक: 13.09.2023, समय : पूर्वाह्न 11.30 बजे। नीलामी का स्थान : पार्सल कार्यालय, हटिया। नीलामी के लिए रखी जाने वाली सामग्रियों का विस्तृत विवरण दक्षिण पूर्व रेलवे की वेबसाइट www.ser.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध नीलामी बिक्री सूचना में देखा जा सकता है।

(PR-515) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

### कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

**आवश्यक सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि खोरी–महुआ–धनवार–सरिया पथ(पथ की लंबाई–35.325 कि0मी0) में पथ का Rigth of Way(ROW) 100 फीट है। पथ के मध्य भाग से दोनों तरफ 50 फीट-50 फीट जमीन का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग के पास है। इसमें बिना पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैद्य माना जायेगा एवं इसे अतिक्रमण मानते हुए अवैद्य निर्माण को हटाने हेतु झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005 के अनुसार नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य है कि पथ में जमीन भविष्य में पथ के विस्तार हेतु सुरक्षित है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों को निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना–अपना अवैद्य निर्माण पथ की जमीन से हटा लें अन्यथा बाध्य होकर विशेष मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाया जायेगा एवं इसमें आनेवाले व्यय की राशि संबंधित व्यक्ति से वसूल की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता–सह–
राजमार्ग पदाधिकारी
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 304826 Road(23-24)D

### कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

**आवश्यक सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा–जमुआ पथ कोडरमा(बजरंगबली मंदिर) से खोरी–महुआ (पथ की लंबाई–49.00 कि0मी0) में पथ का Rigth of Way(ROW) 100 फीट है। पथ के मध्य भाग से दोनों तरफ 50 फीट-50 फीट जमीन का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग के पास है। इसमें बिना पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैद्य माना जायेगा एवं इसे अतिक्रमण मानते हुए अवैद्य निर्माण को हटाने हेतु झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005 के अनुसार नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य है कि पथ में जमीन भविष्य में पथ के विस्तार हेतु सुरक्षित है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों को निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना–अपना अवैद्य निर्माण पथ की जमीन से हटा लें अन्यथा बाध्य होकर विशेष मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाया जायेगा एवं इसमें आनेवाले व्यय की राशि संबंधित व्यक्ति से वसूल की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता–सह–
राजमार्ग पदाधिकारी
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.304823 Road(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

**आवश्यक सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि डोमचाँच–ढ़ाब पथ(पथ की लंबाई–16.40 कि0मी0) में पथ का Rigth of Way(ROW) 100 फीट है। पथ के मध्य भाग से दोनों तरफ 50 फीट-50 फीट जमीन का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग के पास है। इसमें बिना पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैद्य माना जायेगा एवं इसे अतिक्रमण मानते हुए अवैद्य निर्माण को हटाने हेतु झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005 के अनुसार नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य है कि पथ में जमीन भविष्य में पथ के विस्तार हेतु सुरक्षित है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों को निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना–अपना अवैद्य निर्माण पथ की जमीन से हटा लें अन्यथा बाध्य होकर विशेष मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाया जायेगा एवं इसमें आनेवाले व्यय की राशि संबंधित व्यक्ति से वसूल की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता–सह–
राजमार्ग पदाधिकारी
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 304816 Road(23-24).D

### झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
### एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची -834004, झारखण्ड

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **40/2023-24** दिनांक :- 16.08.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-HAZ-01/2023-24 | बरकट्ठा | 1 | बेड़ोकला से जतघघरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। लं० – 9.100 कि०मी०) | 1959.145 | उन्नीस करोड़ उनसठ लाख चौदह हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बरकट्ठा | 2 | एन०एच०–02 बेलकपी से जमुआ मधुवन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.500 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 3 | कोसमा से पचफेरी भाया सलैया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 4 | जतघघरा से बराकर नदी भाया छुतहरी कटिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.200 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 5 | गयपहाड़ी से कल्हाबाद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.530 कि०मी०) | | | |
| | | चलकुशा | 6 | चौबे से विरमाकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–24.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 01.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची – 834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 04.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (04.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–05.09.2023 .अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 304824 Rural Work Department (23-24)_D

### झारखण्ड सरकार,
### गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

54वीं औपबंधिक सूची जिलाः–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड / वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04. 2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–180/23<br>2. आवेदक–कारीनाथ महतो<br>3. पिता–निर्मल महतो<br>4. ग्राम–होन्हेमोड़<br>5. पोस्ट–चैनपुर<br>6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु–67 वर्ष<br>10 पहचान चिन्ह–बॉये पैर में जख्म का निषान | माण्डू थाना काण्ड सं0–164/83 | नहीं | कारणः–दिनांक 09.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य की मांग को लेकर जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना धारा–143, 341 भा0द0वि0 पाटी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–185/23<br>2. आवेदक–झामलाल करमाली<br>3. पिता–स्व0 मल्लु करमाली<br>4. ग्राम–चैनपुर<br>5. पोस्ट–चैनपुर<br>6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु–57 वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | माण्डू (वे0बो0) थाना काण्ड सं0–147/94 | नहीं | कारणः–दिनांक 08.09.1994 को झारखण्ड बंदी की तिथि को विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147, 148, 149 भा0द0वि0 पाटी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–185/23<br>2. आवेदक–महेश कुमार<br>3. पिता–स्व0 कैला महतो<br>4. ग्राम–बलसागरा<br>5. पोस्ट–बलसागरा<br>6. थाना–माण्डू 7. प्रखण्ड–डाडी<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु–47 वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | माण्डू (वे0बो0) थाना काण्ड सं0–147/94 | नहीं | कारणः–दिनांक 08.09.1994 को झारखण्ड बंदी की तिथि को विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147, 148, 149 भा0द0वि0 पाटी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–1021<br>2. आवेदक–रामावतर भगत<br>3. पिता–स्व0 बनवारी भगत<br>4. ग्राम–खिरगॉव (माली टोला)<br>5. पोस्ट–हजारीबाग<br>6. थाना–सदर 7. प्रखण्ड–हजारीबाग<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु– 72वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | वाद सं0–361/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–11.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य हेतु जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना धारा–107/113 द0प्र0स0 पाटी का नाम–अन्य जेल की अवधि–01 दिन | 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 304814 Home(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
15

# डीसी के सामने चेंबर प्रतिनिधियों ने रखीं शहर की प्रमुख समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुमला उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा कर रहे थे। गुमला के नये उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी से मिल कर उन्हे फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सभी सदस्यों का परिचय कराने के बाद उपायुक्त से कुछ औपचारिक वातालर्प की और अपने चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यशैली के बारे में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चेंबर कैसे व्यापारी और आमजन के हित में काम करता है और चेंबर की परंपरा रही हैं कि जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर की ही कोई काम किया जाय। उपायुक्त ने चैंबर ऑफ कॉमर्स को हर तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया। चेंबर अध्यक्ष ने नगर से जुड़ी कुछ समस्याओं पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट भी कराया जिसमें - मेन रोड से एसएस हाई स्कूल होते हुए डीएसपी रोड को जाने वाली सड़क और थाना चौक से चेटर तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गयी है इसे ठीक कराने की आवश्यकता है दूसरी ओर गुमला के कुछ संवेदकों द्वारा विभिन्न विभागों का काम हो जाने के बावजूद भुगतान में विलंब हो रही है, इस पर उपायुक्त महोदय ने आश्वस्त किया कि इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिघ्र ही निदान कर दिया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष के साथ कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, कार्यकारिणी के अजय सिंह राणा, राहुल केसरी, ब्रिज फोगला, विकास सिंह और प्रणय साहू शामिल थे



## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करनेवाला गया जेल

**चैनपुर(आजाद सिपाही)।** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर चौदह लाख की ठगी करने वाले शख्स को चैनपुर पुलिस ने बोकारो के चंद्रपुरा में गिरफ्तार कर भेजा जेल। चैनपुर थानांतर्गत रामपुर पंचायत के बीबी नेमहंती देवी पति विनोद तिर्की ने चैनपुर थाना में एक प्राथमिक दर्ज करायी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि विनय खलखो ने मेरे दोनों बेटों कुलदीप तिर्की और अजय तिर्की को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 14 लाख रुपये की ठगी की है। तत्पश्चात चैनपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार और सशस्त्र बल द्वारा एक छापेमारी दल का गठन कर प्राथमिक अभियुक्त विनय खलखो उर्फ मनोज कुमार महतो उम्र 38 वर्ष पिता शिवलाल महतो, रेवा तरंगा थाना चंद्रपुरा जिला बोकारो को बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पूर्व उपप्रमुख के घर में घुस कर अपराधियों ने छीनी गले से चेन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** पूर्व उपप्रमुख विनोदिनी देवी के घर मे घुसकर अपराधी उनके गले से सोने का चेन को छीनकर फरार हो गये। हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि उप प्रमुख से बसिया थाना की दूरी महज 5 मिनट की है। बुधवार यानी 16 अगस्त को दिन के पौने बारह बजे दो अपराधी विनोदिनी देवी के घर मे घुस गये। जब अपराधी को लगा कि वे झांसा में नही आ रहे है तो एक अपराधी द्वारा विनोदिनी देवी के गले मे पहना सोने के चेन को छीनने की कोशिश करने लगा और विनोदिनी देवी द्वारा विरोध करने पर अपराधियो ने महिला का गला दबाते हुए दोनो माँ बेटी को नशीला प्रदार्थ सुंधाकर चेन को छीनकर भाग गये। घटना के समय गोकुल सोनी किसी काम से बाहर गये थे और लौटते हुए अपराधियों को उन्होने देखा भी। लेकिन जबतक माजरा समझ मे आता तब तक अपराधी भाग गये थे। पीड़िता के अनुसार उन्होंने साल भर पहले एक लाख पैतीस हजार रुपये में सोने के उस चेन को खरीदा था।

## लायंस क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष बने राजेश और सचिव हिमांशु

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर का तीसरा पदस्थापना समारोह स्थानीय महेश्वरी टॉवर गुमला में लायन सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर पूरे भारतवर्ष में लायंस क्लब हर राज्य में किस तरह फैला तथा गुमला में 3 वर्ष पूर्व लायंस ग्रेटर की स्थापना को गुमला ग्रेटर के सभी लायन सदस्यों के द्वारा नाटकीय मंचन कर दिखलाया गया। इस मौके पर 12 नये सदस्यों ने लायंस क्लब ग्रेटर की सदस्यता स्वीकार की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला 322 - अ के जिलापाल लायन कमल जैन की उपस्थिति में इंस्टॉलिंग ऑफिसर लायन राहुल वर्मा ने सभी पदाधिकारियों और लायन सदस्यों को पदभार दिलाते हुए लायंस क्लब के नियम के अनुसार कार्य करने व मानवसेवा की ओर हर समय तत्पर रहने की शपथ दिलवायी। सत्र 2023 - 24 हेतु नये पदाधिकारियों में लायन राजेश लोहानी को अध्यक्ष लायन सुमित साबु को वरिष्ट उपाध्यक्ष लायन दीपक अग्रवाल को उपाध्यक्ष लायन हिमांशु आनंद केशरी को सचिव लायन सुभाष अग्रवाल को कोषाध्यक्ष लायन सुमन महेश्वरी को टेमर तथा अन्य कई लायन सदस्यों को भी विभिन्न विभागों के चेयरपर्सन बनाया गया है।

## मृत नवजात को दफनाने को लेकर दो समुदाय आमने-सामने

**सिसई(आजाद सिपाही)।** कब्रिस्तान में न दफनाकर सरकारी परती जमीन पर नवजात के शव को दफनाये जाने को लेकर गुरुवार की सुबह दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गये थे। टकराव बढ़ती और मामला सम्प्रदाय रंग लेता इससे पहले ही सिसई व भरनो पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। और दोनो पक्षों से शांति बनाये रखने की अपील किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरनो थाना क्षेत्र के भड़गाव गांव निवासी सजाद अंसारी की पत्नी रबीना खातून ने गुरुवार की अहले सुबह एक मृत शिशु को जन्म दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरनो थाना क्षेत्र के भड़गाव गांव निवासी सजाद अंसारी की पत्नी रबीना खातून ने गुरुवार की अहले सुबह एक मृत शिशु को जन्म दिया था। शिशु के शव को कब्रिस्तान में न दफनाकर कब्रिस्तान के कुछ दूरी पर स्थित सरकारी परती जमीन खाता नम्बर 123 में शव को दफनाने लगे। आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य समुदाय के लोग मौके पर पहुंचकर विरोध करने लगे। और कहा कि कब्रिस्तान के समीप करीब 40- 45 डीसमिल सरकारी परती जमीन है। जिस पर अन्य समुदाय के लोग नजर गड़ाये हुए है। भरनो थानेदार कृष्णा कुमार तिवारी ने कहा मुस्लिम समुदाय के लोगो ने दुबारा सरकारी जमीन पर शव नहीं दफनाने का आश्वासन दिया है। दोनो पक्षों के गणमान्य लोगों को शाम में थाना बुलाया गया है।

## वज्रपात से दो की मौत, चार घायल

**गुमला(आजाद सिपाही)।** बुधवार को देर शाम हुए वज्रपात में अलग-अलग गांव के दो लोगों की मौत हो गयी जबकि चार लोग घायल हो गये। वज्रपात की चपेट में आने से साकिया गांव निवासी निरंजन टोपनो और रायकेरा बॉस टोली निवासी संदीप डुंगडुंग की मौत हो गयी। वहीं नारो टोली निवासी प्रदीप कुजुर, साकिया गांव निवासी भीमसेन कुज्जुर, बसिया निवासी भीखू लोहरा और बंबियारी निवासी एतवारी देवी (70) घायल हो गये।

## राज्य सूखाग्रस्त घोषित हो, नहीं तो 28 अगस्त को धरना कार्यक्रम होगा : किसान सभा

**गुमला(आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के गुमला जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए गुमला सहित झारखंड को अविलंब सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग राज्य सरकार से की है। श्री सिंह ने जिले की किसानों की स्थिति का बयान करते हुए कहा है कि किसानों द्वारा जैसे तैसे रोपनी का कार्य पानी का मशीन लगाकर किया जा रहा है। अभी तक मात्र 30 % रोपनी का काम संपन्न हुआ है जो पानी के अभाव में अब सुख रहे हैं। फसल निकल पाएगा कि नहीं इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि खासकर गुमला जिला में किसान हित के नाम पर चल रही विभिन्न योजनाओं में लूट-भ्रष्टाचार मची हुई है जिसके कारण करोड़ो-अरबो रुपये खर्च करने के बावजूद जिले के किसानों का खेत आज भी सूखे हैं और प्राकृतिक बारिश पर निर्भर है। उन्होंने बगैर किसानों की सहमति से सिर्फ पॉकेट भरने के लिए चयनित की जा रही विभिन्न योजनाओं के कारण सिंचाई जैसी सुविधा नहीं बन पाने का आरोप शासन-प्रशासन पर लगाया है। मोदी सरकार की किसानों का आय दोगुनी करने जैसी घोषणा पर चुटकी लेते हुए कहा है कि जब तक अपने वादों के पक्के और जवाबदेह सरकार केंद्र और राज्य की सत्ता में नहीं होगी तब तक किसानों का दशा सुधरने वाला नहीं है। श्री सिंह ने किसानों व जनहित में जवाबदेही के साथ काम करने वाली सरकार सत्ता में आए इसके लिए राज्य में झारखंड नवनिर्माण दल तथा अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा द्वारा किसान आंदोलन खड़ा करने का जो प्रयास हो रहा है जिसमें गुमला जिला पीछे नहीं रहेगा। गुमला जिला में भी अखिल भारतीय किसान क्रांतिकारी किसान सभा को बड़ा किसान संगठन के रूप में खड़ा किया जायेगा, गुमला सहित झारखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र अविलंब घोषित नहीं किए जाने की स्थिति में 28 अगस्त को जिला मुख्यालय गुमला में किसानों द्वारा सांकेतिक धरना कार्यक्रम आयोजित कर किसान आंदोलन को तेज किये जाने की भी बात उन्होंने कही है ।



































































## धान रोपने खेत गयी युवती की वज्रपात से मौत, पांच घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सारजमडीह गांव में गुरुवार को खेत में धानरोपनी करने गई एक युवती की वज्रपात की चपेट में आने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान सोमरिका मछुआ (18) के रूप में हुई है। उसके साथ इसी हादसे में सोमरिया के साथ खेत में काम कर रही सीता कुमारी, स्वेता कुमारी, प्रेमिका कुमारी, आंचल कुमारी और अंजुली कुमारी भी घायल हो गयी है। घटना दोपहर दो बजे के आसपास घटित हुई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को अपने साथ थाना ले गयी। शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा जायेगा।

## कर्रा में वज्रपात से किसान की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कर्रा।** कर्रा थाना अंतर्गत कुदलुम पंचायत के चौनपुर गांव में गुरुवार को मवेशी चराने गये युवक की मौत आसमानी बिजली की चपेट में आने से हो गई। कर्रा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार चौनपुर गांव निवासी साऊ मुंडा (45) अपने बैलों को चराने के लिए गांव के बगल में डहु टंगरा के पास गया था। दोपहर 12.30 बजे अचानक बारिश के साथ वज्रपात होने से साऊ मुंडा उसकी चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बगल के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल गांव जाकर इसकी सूचना स्वजनों और गांववाले को दी। कुदलुम पंचायत के मुखिया संदीप हेरेंज को भी घटना की जानकारी दी गई। मुखिया ने गांव जाकर मृतक के परिजनों से मुलकात की और सरकारी सहायता का भरोसा दिया। मृतक की पत्नी जयंती मुंडा पति के शव को देखते ही रोने लगी। मृतक शऊ मुंडा का एक बेटा और तीन बेटियां हैं।

## नये थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश ने दिया योगदान



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडल के दाशम फॉल थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में प्रेम प्रकाश ने गुरुवार को योगदान दिया। स्थानांतरित थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बुके देकर उनका स्वागत किया। दोनों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। प्रेम प्रकाश इसके पहले अरागोडा थाना में पदस्थापित थे। उन्होंने कहा कि अपराध रोकना पहली प्राथमिकता होगी।

### कार्रवाई : 30 जून को महिला रिकवरी एजेंट से हुई थी लाखों की लूट

# तमाड़ में लूटकांड का उद्भेदन, 3 गिरफ्तार

**लूट की स्कूटी, बाइक, पिस्तौल, कारतूस व 10500 रुपये नकद आदि बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के बारूकाडे व जीलीगसेरेग के बीच आरती कुमारी नामक महिला से 30 जून को हथियार-चाकू का भय दिखाकर दो लाख रुपए से अधिक की स्कूटी व मोबाइल आदि लूट लिए जाने के मामले का उद्भेदन करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान करण कुमार यादव, शिव प्रसाद यादव और संतोष सिंह मुंडा के रूप में हुई है। करण और शिव प्रसाद तमाड़ थाना क्षेत्र के लुपुंगडीह गांव के रहने वाले हैं, जबकि संतोष अड़की थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव का रहने वाला है। इनके पास से दो नली पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, एक चाकू और 10500 रुपये के साथ ही लूटी गई स्कूटी भी बरामद की गयी है। इसके अलावा लूटकांड में इस्तेमाल होने वाला बाइक भी जब्त किया गया है। पुलिस की मानें तो तीनों आरोपितों ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इस अभियान में बुंडू डीएसपी अजय कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, चंदन कुमार शाहा और विक्रमादित्य पांडे आदि शामिल थे। गौरतलब हो कि विगत 30 जून को सोनाहातू की रहने वाली आरती से लाखों रुपये की लूटपाट की गई थी। आरती बुंडू में भारत फाइनेंस नामक कंपनी में रिकवरी एजेंट के रूप में काम करती है। लूटपाट के बाद आरती ने तमाड़ थाना में कांड संख्या 61/2023 के तहत मामला दर्ज कराया था।



पकड़े गये आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

## तेरम स्टोन मांइस को बंद कराये प्रशासन : अरुण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी सदर प्रखंड के हुरलूंग (हुटार) गांव के लोग तेरम स्टोन माइंस से हो रहे प्रदूषण से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना कि खदान से निकलने वाले डस्ट के कारण उनके खेत बर्बाद हो रहे हैं। हुरलूंग ही नहीं आसपास के छोटाबारी, कोनगी, तेरम सहित अन्य गांवों के लोग भी वायु प्रदूषण से त्रस्त हैं। खेतों के आलावा इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कई बार इसकी जानकारी प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में ग्रामीणों ने इसकी जानकारी युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा को दी। संगा ने गुरुवार को गांव जाकर स्थानीय लोगों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि कोनकी में 800, छोटाबारी के 800 और तेरम स्टोन माइंस से गांव के 500 लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीणों की बातें सुनकर अरुण संगा ने उन्हें आश्वास्त किया कि जल्द ही खूंटी के डीसी से मिलकर तेरम स्टोन माइंस को बंद कराने की बात की जाएगी। अगर जिला प्रशासन इस पर जल्दी कोई कार्रवाई नहीं करता है, तो युवा कांग्रेस गांव वालों के समर्थन में आंदोलन करेगी। इस मौके में खूंटी जिला उपाध्यक्ष वहा मुंडा, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, दशरथ, मुरही पंचायत के मुखिया भदवा उरांव, ग्राम प्रधान दयाशंकर, बजरंग आदि उपस्थित थे।

## खूंटी के चार खिलाड़ी नेशनल रग्बी कैंप के लिए आमंत्रित

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 से 26 सितंबर तक आयोजित वाले अंडर 18 नेशनल रग्बी कैंप में खूंटी के लोयोला इंटर कॉलेज के दो बालक और दो बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में डेविड मुंडा, अजीत नाग, डोमनिका ओड़ेया और नेहा बागे शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों महाराष्ट्र के पूणे में आयोजित अंडर-18 नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन को देखते हुए किया गया है। नेशनल रग्बी कैंप में बालक और बालिका के हर वर्ग से 25-25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। दोनों वर्गों से अंतिम 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो 30 सितंबर से चाइनीज ताइपे में आयोजित अंडर-18 एशियन रग्बी चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। डेविड मुंडा को पिछले साल भी अंडर-18 भारतीय टीम में शामिल किया गया था। सभी चयनित खिलाड़ियों को लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर विमल मिंज, इंग्लिश मीडियम के प्रधानाध्यापक फादर बिपिन तिर्की, लोयोला हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर आइजक खलखो झारखंड रग्बी संघ के सचिव हेजाज असदक ने बधाई दी है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## स्कूलों में चोरी करनेवाले गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी, गुमला, सिमडेगा जिले के विभिन्न स्कूलों के ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में डोड़मा बागे टोली निवासी अनमोल भेंगरा और अरविंद भेंगरा उर्फ मल्लू शामिल हैं। बतातें चलें कि इस गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को ही जेल भेज दिया था। गौरतलब हो कि स्कूलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही चोरी के बाद पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गई। दोनों आरोपितों के पास से पुलिस ने स्कूल से चोरी गये तीन टैब और एक हेडफोन बरामद किया है। तोरपा के थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि चोरी की घटना के पहले दिन से ही पुलिस रात-रात भर छापामारी कर रही थीं। सरगना के कुछ साथी अब भी फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## जल्द शुरू होगा कर्रा रोड की मरम्मत का काम : कार्यपालक अभियंता



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पथ निर्माण विभाग के अधीन वाले शहर के प्रमुख कर्रा रोड की जर्जर अवस्था को जल्द ही सुधार कर इसे सुगम आवागमन के लायक बनाया जाएगा। उक्त बातें पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार भगत ने कही। उन्होंने बताया कि सड़क की अस्थाई रूप से मरम्मत का काम संभवतः शुक्रवार से शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान सड़क में जहां-तहां बने गड्ढों को सीमेंट के मसाला से भरा जाएगा और मिट्टी की सफाई कर सड़क को फिलहाल सुगम आवागमन के लायक बनाया जाएगा। इस सड़क के कालीकरण का काम बारिश के बाद शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए विभागीय प्रक्रिया अंतिम चरण में है, लेकिन फिलहाल बुरी तरह जर्जर हो चुकी सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। कार्यपालक अभियंता गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि की पहल पर अपनी पूरी टीम और सांसद प्रतिनिधि के साथ कर्रा रोड की जर्जर स्थिति का पैदल निरीक्षण कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत कुछ माह पूर्व पाइप बिछाने के नाम पर कर्रा रोड सहित शहर के लगभग सभी गली-मुहल्लों की पक्की सड़कों को खोदकर अस्त व्यस्त कर दिया गया है। इस स्थिति में बारिश के दिनों में इन सड़कों में लोगों को पैदल चलना भी दुभर हो गया है। इस मौके पर सांसद के विभागीय प्रतिनिधि ज्योतिष भगत, पूर्व पार्षद अनूप साहू, भाजपा नेता जयप्रकाश भाला, संजीव चौरसिया आदि उपस्थित थे।












































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in





चंदन कुमार
रिपोर्टर छतरपुर
पलामू
मो. 8340673513

# ग्राम सभा कर 17 एकड़ भूमि के गलत म्यूटेशन की जांच करेंगे हजारीबाग कमिश्नर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ अंचल के कुंदरु खुर्द गांव में 17.18 एकड़ भूमि के गलत तरीके से म्यूटेशन का मुद्दा अब काफी गंभीर हो गया है। हाई कोर्ट की टिप्पणी के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर हजारीबाग कमिश्नर अब इस मामले की जांच ग्राम सभा लगाकर करेंगे। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि 18 अगस्त को कुंदरु खुर्द ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। गलत तरीके से म्यूटेशन का आदेश दिए जाने संबंधित तथाकथित आरोप की जांच हेतु आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल हजारीबाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कल दिनांक 18 अगस्त 2023 को रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ अंचल के कुंदरूखुर्द मौजा में ग्राम सभा आयोजित की जायेगी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत अंचल रामगढ़, मौजा कुंदरूखुर्द, थाना संख्या 120, खाता संख्या 77, कुल रकबा 17.18 एकड़ भूमि के दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 66/ 2022 अंकित पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार तथा दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 67/ 2022 शरद पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार वाद के पारित आदेश की जांच प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा की जा रही है। इस संबंध में उपरोक्त वाद में पारित आदेश के संबंध में कोई आपत्ति हो या कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो संबंधित दिनांक 24 अगस्त 2023 तक आयुक्त कार्यालय उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित आपत्ति दे सकते हैं।इसके साथ ही आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी मठों की सूची पता सहित उपलब्ध कराने एवं मामले की विस्तृत जांच हेतु भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय द्वारा पारित आदेश में अंकित पंकज, महेश, जिलानी और नरेश के पिता का नाम व पता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।



- रामगढ़ अंचल के कुंदूरु खुर्द में 18 अगस्त को आयोजित होगी ग्राम सभा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमन कुमार
थाना प्रभारी नौडीहा बाजार पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जितेंद्र कुमार मंडल
प्रखंड विकास पदाधिकारी नौडीहा बाजार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजीत कुमार
प्रधानाचार्य - श्री श्याम बिहारी सिंह 10+2 हाई स्कूल नामुदाग

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

किरण सिंह
वार्डन - कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संगीता कुमारी
प्रधानाध्यापिका मध्य विद्यालय खेन्द्रा छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दशरथ राम
प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मंदेया छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जितेंद्र राम
प्रधानाध्यापक

सलाउद्दीन
सहायक शिक्षक
मध्य विद्यालय मंदेया छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. रामरेश यादव
निदेशक - शशि स्वास्थ्य संस्थान लठेया, छतरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमरीका मिस्त्री
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय बाघामाड़ा छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामलाल कुमार
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय गुरदी छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लोकनाथ विश्वकर्मा
प्रधानाध्यापक - प्राथमिक विद्यालय नउरीवार छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेंद्र राम
प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय टेनपा छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष यादव
पंचायत समिति सदस्य खैरादोहर सह राजद प्रखंड अध्यक्ष नौडीहा बाजार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मार्तण्ड कुमार
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय लोहराही छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मो. रमजान अली
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय मुंकेरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमोद प्रसाद यादव
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय खाटीन छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उमेश कुमार यादव
मुखिया पंचायत - सिलदाग प्रखंड छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सरस्वती देवी
मुखिया - पंचायत कचनपुर छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रामबली पासवान
चौकीदार सह समाजसेवी करकटा पंचायत नौडीहा बाजार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मो. मुस्ताक अहमद
नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी छतरपुर सह बीसूत्री सदस्य

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कैलाश कुमार सिंह
छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रमोद कुमार सिंह
समाजसेवी पंचायत चिरु प्रखंड छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेन्द सिंह
समाजसेवी पीड़राही पंचायत प्रखंड छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिता कुमारी
मुखिया पंचायत कालापहाड़ प्रखंड छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शेखर कुमार
थाना प्रभारी छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज कुमार निराला
प्रखंड छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिवालया कंस्ट्रक्शन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुभाष मिश्रा
(बुल बाबा)
निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष नगर पंचायत छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वस्ति कुमारी
प्राचार्या - गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

भीम सिंह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


माँ हॉस्पिटल
जपला रोड छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती अंजना मिश्रा
संचालक - होली ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल छतरपुर

## विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दो कब्रिस्तानों की चहारदावारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को जपला हैदरनगर मुख्य पथ स्थित दाता नगर के समीप 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो मुख्य कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि वह क्षेत्र की एक-एक समस्या के प्रति गंभीर हैं। एनसीपी जात-पात से परे विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उनका दरवाजा सभी के लिए खुला है। उन्होंने विकास में सभी को भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अब्बास अंसारी, प्रो निजामुद्दीन सिद्दीकी, अमीन खान, सुहैल आलम और जफर इमाम आदि मौजूद थे।

## रेलवे जीएम ने जपला समेत कई स्टेशनों पर अनाउंसमेंट सिस्टम का किया मुआयना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल के जीएम अनुपम शर्मा ने गुरुवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में डीडीयू मंडल अंतर्गत 15 स्टेशनों पर आईपी आधारित सेंट्रलाइज्ड पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का मुआयना किया। रेल पदाधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत स्टेशनों पर सुविधाओं के उन्नतिकरण के क्रम में डीडीयू मंडल के इन स्टेशनों पर आधुनिक अनाउंसमेंट सिस्टम की शुरूआत की गई है। जिनमें डेहरी ऑनसोन, हैदरनगर, जपला, मोहम्मदगंज, नबीनगर रोड समेत 15 स्टेशन शामिल हैं। इस सिस्टम की स्थापना हो जाने से स्टेशनों पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम का एकीकरण हो गया है। उन्होंने बताया कि इस आधुनिक सिस्टम का उद्देश्य केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से किसी भी रेलवे स्टेशन या रेलवे स्टेशनों के समूह में यात्रियों और कर्मचारियों के लिए स्वचालित और मैन्युअल ध्वनि घोषणा प्रसारित करना है। इस मौके पर डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सतबरवा बीडीओ और उप प्रमुख के चाचा के बीच हुआ था विवाद

# हाथ तोड़ने की घटना की जांच करने पहुंचे डीडीसी व एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** विगत 13 अगस्त को सतबरवा बीडीओ राज किशोर प्रसाद व उप प्रमुख के चाचा बिहारी यादव के साथ विवाद होने पर कथित रूप से सतबरवा बीडीओ द्वारा डंडे से मार कर बिहारी यादव का हाथ तोड़ दिया गया था। इसके बाद दोनों ओर से सतबरवा थाना में एफआइआर दर्ज कराया गया था। बिहारी यादव न्याय दिलाने के लिए कई बड़े अधिकारी और नेता-मंत्री के पास भी गये। इसी संदर्भ में पलामू डीडीसी और एसडीएम संयुक्त रूप से सतबरवा प्रखंड कार्यालय पहुंचे।



सतबरवा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जांच करते डीडीसी और एसडीएम

इस दौरान बीडीओ राज किशोर प्रसाद, उप प्रमुख कामाख्या यादव, बिहारी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक व जुगल किशोर राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। डीडीसी ने पत्रकारों को बताया कि दोनों पक्षों की बात सुनकर और जवाब सवाल से बहुत सारी बातें सामने आई है। बिहारी यादव का मेडिकल जांच रिपोर्ट भी देखा गया है। इसका जांच प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा और डीसी को सौंपा जाएगा।

## वाहन के धक्के से समाजसेवी के चाचा का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के ढाब रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एनएच-98 पर बुधवार की शाम अज्ञात वाहन के धक्के से गोपाल साव (55) नामक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों ने गोपाल को हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास सीएचसी पहुंच कर घटना की जानकारी ली और कानूनी प्रक्रिया कर अंत्य परीक्षण के लिए शव को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

## 20 को हुसैनाबाद में होगा बसपा का प्रशिक्षण शिविर



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बहुजन समाज पार्टी ने कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। इसकी जानकारी बसपा के पलामू जिला अध्यक्ष अजय भारती ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत सरसोत में गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को जपला में टैक्सी स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। इसके लिए हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और बहुजन समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर राजकुमार गौतम, पुनीत कुमार अंबेडकर, रामनारायण राम, रविशंकर रवि, प्रमोद कुमार, श्यामसुंदर देहाती, इंद्रदेव भारती, बालचंद राम और धर्मेंद्र भुइंया आदि शामिल थे।

## सीओ को दी गयी विदाई, नवपदस्थापित बीडीओ सह सीओ का किया गया स्वागत

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को समारोह आयोजित कर निवर्तमान अंचल अधिकारी निर्भय कुमार को विदाई दी गयी। मौके पर पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान आदि ने बुके व उपहार देकर उनके भविष्य के लिए शुभकामना दी। बतातें चलें कि निवर्तमान सीओ निर्भय कुमार का तबादला प्रमोशन के उपरांत हजारीबाग के जिला भूअर्जन पदाधिकारी के रूप में हुआ है। वहीं, नवपदस्थापित बीडीओ सह सीओ प्रशांत कुमार का स्वागत किया गया।


































































## उग्रवादी संगठन जेकेएम सुप्रीमो पत्नी के साथ गिरफ्तार



लातेहार (आजाद सिपाही)। पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड क्रांति मोर्चा सुप्रीमो शंकर राम उर्फ सौरव जी और पत्नी कविता भूईयां को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल पुलिस अधीक्षक, अंजनी अंजन लातेहार को गुप्त सूचना मिली की कुमंडी, बेदी, लेदपा आदि क्षेत्रों में झारखंड क्रांति मोर्चा नामक उग्रवादी संगठन के लोग विकास कार्यों में लगे संवेदकों से लेवी वसूलने और किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, महोदय लातेहार के द्वारा एक विशेष छापमारी दल का गठन समादेष्टा 214 बटालियन सीआरपीएफ केडी जोशी के नेतृत्व में किया गया। दिन बुधवार को लातेहार थानान्तर्गत ग्राम बेंदी के आसपास के इलाकों में जब ये टीम पहुंची तो झारखंड क्रांति मोर्चा के सुप्रिमो शंकर राम उर्फ सौरभ जी पिता नंदेव राम और उसकी पत्नी कविता देवी को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। पूछताछ में इनके निशानदेही पर छुपाकर रखा गया 315 बोर का देशी रायफल, 03 देशी कट्टा 315 बोर का गोली-05 चक्र फौजी वर्दी, जूता, कपड़ा सामान आदि एक नक्सल साहित्य आधार कार्ड डायरी जिसमें झारखंड क्रांति मोर्चा का विवरण आदि बरामद किया गया।

## ऐतिहासिक होगा अल्पसंख्यक विभाग का लोहरदगा में कार्यक्रम: मोजम्मिल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र भवन लोहरदगा में अल्पसंख्यक विभाग की बैठक जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें आगामी 22 अगस्त को अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर आलम और प्रदेश प्रभारी उमर खान का लोहरदगा आगमन होना सुनिश्चित हुआ है। इस संदर्भ में अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अगस्त को दिन के 12:00 बजे आगमन होना है। उन्होंने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश अध्यक्ष का आगमन पर अल्पसंख्यक कांग्रेसी कार्यकर्ता द्वारा प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु भव्य तरीके से तैयारी की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी, उपाध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी, कमरुल इस्लाम, शरीफ, जनाब नूर मोहम्मद, शमीम अख्तर, उल्फत, बाबर खान आदि मौजूद थे।

# एसपी ने की मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा, दिया निर्देश

**पोस्को एक्ट और आईटी एक्ट के मामले में विशेष रूप से कार्रवाई करने का निर्देश**
**नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर थानेदारों को दिया विशेष निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को एसपी आर रामकुमार की अगुवाई मे मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं में रोक लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान गत माह में मिली पुलिस को सफलता पर भी समीक्षा की गई। वही नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मुहर्रम त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से बीतने पर पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए उनका हौसला अफजाई किया। अपराध गोष्ठी में विगत माह जिले में घटित सभी संवेदनशील/महिला उत्पीड़न/हत्या/आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गयी। पोस्को एक्ट और आईटी एक्ट के मामले में विशेष रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किये। महिला उत्पीड़न, एससी/एसएसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने आदेश दिये। यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का भी आदेश दिए। एसपी ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने को लेकर रात्रि गश्ती में तेजी लायें।

अपराध गोष्ठी में पुराने लंबित कांडो, लंबित जमानतीय/गैरजमानतीय वारंट/कुर्की जब्ती, जांच प्रतिवेदन, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट इत्यादि का समीक्षा के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक अभियान दीपक पांडेय , डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, शशि शेखर, अख्तर अली, गौतम कुमार, विश्वजीत सिंह समेत सभी थानों के थानेदार, एएसआई संतोष यादव, धन्नजय पासवान, सूरज प्रसाद, समेत कई पुलिस अवर निरीक्षक और सहायक अवर निरीक्षक शामिल थे।

## ट्रांसफार्मर में अंदर लगे सामान की चोरी



लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप उराव टोला ग्राम में बीते रविवार को चोरों के द्वारा ट्रांसफार्मर में लगे अंदर के सामान की चोरी कर ली गयी। वही ग्रामीणों ने चोरी करने में बिजली मिस्त्री पर आशंका जतायी है। जिसके बाद ग्रामीणों ने सदर थाना में लिखित आवेदन देते हुए कहा कि 13 अगस्त की सुबह तकरीबन 11 बजे तक लाइट नहीं आयी तो हम लोग ट्रांसफर के पास गये तो देखें कि ट्रांसफार्मर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। यहां तक की ट्रांसफार्मर से 11 हजार तार का कनेक्शन भी नहीं हटाया गया है।

## पुलिस ने स्कॉर्पियो, चार मवेशी जब्त किया

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पशु तस्करी के विरुद्ध सेन्हा थाना पुलिस कार्रवाई के दौरान स्कार्पियो सहित चार पशुओं को जोगना मोड़ के समीप से किया जब्त। पशु तस्कर गाड़ी में तिरंगा झंडा बांध कर देश के नियम को उलंघन करने में कोई कसर नही छोड़ा। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में गस्ती के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि स्कार्पियो जे एच 05 एल 9988 में चार मवेशी को लोड कर लोहरदगा की ओर ले जाया जा रहा था। वही बताते हुए उन्होंने कहा जब्त वाहन मालिक, चालक और पशु तस्कर के विरुद्ध पशु कुरुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जायेगा।

## जमीन विवाद में मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चितरी अंबाटोली से जमीन विवाद में मारपीट का आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अंबाटोली निवासी रोपना उराँव का पुत्र मुन्ना उराँव द्वारा जमीन विवाद में स्व जहुरण उराँव का पुत्र डालो उराँव को जमीन विवाद में टांगी से मार कर घायल कर दिया गया था। जिसे सेन्हा थाना कांड संख्या 106/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 326 के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मुन्ना उराँव द्वारा डालो उराँव को टांगी से मारकर घायल कर दिया गया है। उसी आलोक में मुन्ना उराँव को टांगी के साथ गिरफ्तार कर मेडिकल जाँच करते हुए जेल भेजा गया।

# राहुल गांधी के आने से विपक्षियों की उड़ी नींद: दीपक ओझा

**किस्को में नये लोगों को संगठन में जोड़ने और पुराने कार्यकर्ताओं में लीडरशिप डेवलपमेंट को लेकर आयोजित की गयी बैठक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा किस्को मुख्य चौक पर स्थित महिला सभा भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी की अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा विधान सभा प्रभारी दीपक ओझा और जिलाध्यक्ष सुखैर भगत और एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष विनय उरांव शामिल हुए। इधर बैठक के उपरांत मुख्य अतिथि विधान सभा प्रभारी दीपक ओझा और जिला अध्यक्ष सुखैर भगत और अन्य अतिथियों का प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी और अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा बुके और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इधर बैठक कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता जयवंत कुजूर ने किया। मौके पर बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान सभा प्रभारी दीपक ओझा ने आगामी लोकसभा और विधान सभा चुनाव मिशन योजना की विस्तृत रूप से जानकारी साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति की विकास और सम्मान करती है। बैठक में किस्को मुख्य चौक पर स्थित महिला सभा भवन में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित लीडरशिप डेवलपमेंट बैठक में मुख्य रूप से विस प्रभारी दीपक ओझा, जिलाध्यक्ष सुखैर भगत व प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, महिला कांग्रेस अध्यक्षा पुनीत उरांव, ओबीसी अध्यक्ष उल्फत अंसारी, शेख सादिक, चांदमनी उरांव, सुखमनी लकड़ा, बसंती भगत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 50 विद्यार्थियों को लंचबॉक्स, कैरम, फुटबॉल वितरित

बालूमाथ। अर्पिता महिला मंडल के निर्देशानुसार विभा नाथ की अध्यक्षता में, ममता सत्यनारायण सडाला, हसबुन निशा, अंजू कुमार, श्वेता प्रियदर्शी, दीप्ति चर्टराज की उपस्थिति मे सराधु पंचायत के उपकापानी मध्य विद्यालय के 50 विद्यार्थियों के बीच लंचबॉक्स के साथ साथ कैरम बोर्ड, फुटबॉल, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट जैसी खेल सामग्री स्कूल को दी गयी। अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल, टीचर, विधायक प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य सहित दर्जनो लोग मैजूद रहे।




























































## एम्स भुवनेश्वर ने दी अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विरासत का सम्मान करते हुए एम्स भुवनेश्वर ने अपने संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री, प्रसिद्ध राजनेता और भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी मृत्यु तिथि (पुण्यतिथि) पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने दूरदर्शी नेता को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में ही एम्स भुवनेश्वर की आधारशिला रखी गयी थी। डॉ बिस्वास ने कहा कि आज एम्स भुवनेश्वर पूर्वी भारत में एक विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थान बन गया है। उन्होंने कहा कि सभी संकाय सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों, छात्रों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना के श्री वाजपेयी के दृष्टिकोण को पूरा करने और गरीबों और वंचितों की सेवा करने के लिए उनके विचारों का पालन करने का संकल्प लिया है। एम्स भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डीइएएन डॉ पीआर महापात्रा, डॉ सत्यजीत मिश्रा, डॉ सौभाग्य जेना, डॉ प्रभास रंजन त्रिपाठी, डीडीए (प्रभारी) रस्मी रंजन सेठी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये गणमान्य व्यक्ति, हस्तियां समाज ने एम्स भुवनेश्वर परिसर में श्री वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री ने 15 जुलाई 2003 को एम्स भुवनेश्वर की आधारशिला रखी थी। एम्स भुवनेश्वर देश का दूसरा एम्स है और एकमात्र एम्स है, जिसकी आधारशिला श्री वाजपेयी ने रखी थी।

## मिशन 2024 की तैयारी में तन-मन से जुट जायें कार्यकर्ता : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



राजधनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिशन 2024 के लिए तैयारी में तन मन से जुट जाने को कहा। कहा कि पीएम मोदी लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करायें तथा जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुचाने में सहयोग करें। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार की विफलताओं को भी गिनाया। कहा कि भाजपा और पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। यह सरकार सबके विकास के लिए काम कर रही है। इसलिए पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनानी है और इसके लिए आप सब का साथ अहम भमिका निभायेगी। बैठक के पूर्व श्री सिंह ने घोड़थंबा में युवा जागरण मंच द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए तथा बाद में जेरुआडीह पहुंच दो दिन पूर्व गिरिडीह में ट्रेन की चपेट में कलकलवित हुए युवक रजनीकांत के परिजनों से मिल उन्हें ढाढस बढ़ाया। इस मौके पर आशीष रंजन सिंह, पवन सिंह, सोहन यादव, श्याम कुमार, जितेंद्र कुमार, सतीश कुमार, अमर कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## पहले चरण में त्रिशुलिया से भुवनेश्वर हवाई अड्डे तक मेट्रो लाइन का निर्माण

**भुवनेश्वर।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने राज्य में मेट्रो ट्रेनों के संचालन के संबंध में राज्य सरकार को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सौंपी है। निगम की ओर से कल मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना को रिपोर्ट दी गयी। 5-टी पहल के तहत बनने वाली इस परियोजना के पहले चरण में कटक त्रिशूल से भुवनेश्वर हवाई अड्डे तक मेट्रो लाइन का निर्माण किया जायेगा।

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उदासन नाग

केंद्रीय अध्यक्ष, छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज केंद्रीय समिति, बसिया केमताटोली जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



असगर खान

चंदवा प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रोहित एक्का

प्रधानाध्यापक सन्त पौल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल पोजेन्गा केन्दतोली पालकोट

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रोशन बरवा

प्रदेश सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी झारखंड प्रदेश

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश भगत

जेएमएम लातेहार


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर द्वारा रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का आयोजन किया गया। टूनामेंट में विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाली 8 टीमों ने भाग लिया। अंतर-विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष अंजनी सिंह और अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारियों को भाईचारे और खेल भावना के साथ खेल-कूद में भाग लेना चाहिए। अंतर विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच इंजीनियरिंग टीम और इलेक्ट्रिकल (ओपी) टीम के बीच खेला गया। इलेक्ट्रिकल (ओपी) टीम ने 1 गोल किया और 1-0 से फाइनल मैच जीत लिया। रमेश राउत को टूर्नामेंट का खिलाड़ी, सत्यब्रत डांग को टूर्नामेंट का सर्वोच्च गोल स्कोरर, रिकी टोप्पो को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोल और रवींद्रनाथ पांडे को सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर के रूप में चुना गया। खेल अधिकारी डॉ मनोज कुमार बेहरा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस अवसर पर सहायक खेल अधिकारी अनूप गोरिंका, खेल सचिव आलोक रंजन पांडा, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्य और उनके परिजन इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुकरात उराँव

प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति, प्रखंड- बसिया जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जनार्दन साहू

केंद्रीय युवा अध्यक्ष छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज केंद्रीय समिति, सिसई गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



छोटू उराँव

थाना प्रभारी थाना- बसिया, जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



आनंद विकास लागुरी

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बसिया

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महिला विकास मंडल

प्रखंड बसिया जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीमती जगरानी तिग्गा

प्रमुख, पंचायत समिति प्रखंड बसिया जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री रविन्द्र कुमार पांडेय

अंचल अधिकारी, अंचल - बसिया जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




फा आनंद प्रकाश खाखा

एचएम निर्मला उच्च विद्यालय परिवार, ममरला प्रखंड- बसिया जिला गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रवि कुमार गुप्ता
संवाददाता
बरवाडीह



सुशीला कुमारी
प्रमुख
बरवाडीह



अफजल अंसारी
झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष बरवाडीह



आदित्य यादव
राजद प्रखण्ड अध्यक्ष
बरवाडीह



अजित कुमार गुप्ता
संवेदक सह समाजसेवी
बरवाडीह लातेहार



आशा देवी
मुखिया छेचा
बरवाडीह



पूनम देवी
उकामाड़ मुखिया
बरवाडीह



मनोज प्रसाद
भाजपा मंडल महामंत्री
बरवाडीह लातेहार



सावित्री देवी
मुखिया हरातू
बरवाडीह



आशीष सिंह चेरो
मोरवाई कला
बरवाडीह

सुरेश राम
राजस्व कर्मी संघ जिला अध्यक्ष/ प्रदेश उपाध्यक्ष महासंघ लातेहार



अजय प्रसाद भाजयुमो
जिला मंत्री बरवाडीह
लातेहार

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुखिया संघ

प्रखंड बसिया, जिला - गुमला

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनोज जायसवाल
क्रेशर संचालक सह समाजसेवी
बसिया, जिला - गुमला



सुनील साहू
युवा समाजसेवी ,
ग्राम- लौंगा, प्रखंड - बसिया



खिलेश्वर गोप
युवा समाजसेवी
ग्राम ससिया प्रखंड बसिया



धनेश्वर साहू
ईंट भट्ठा संचालक सह समाजसेवी
ग्राम - लौंगा, प्रखंड- बसिया



दिलीप साहू
युवा समाजसेवी ,
ग्राम केमताटोली प्रखंड - बसिया




बलि इंडेन ग्रामीण वितरक
तिर्रा बसिया

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





मौंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,
कोनबीर नवाटोली
प्रखंड- बसिया



आर सी बॉयज मिडिल स्कूल ममरला परिवार,
प्रखंड - बसिया
जिला - गुमला



विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया परिवार ,
प्रखंड - बसिया ,
जिला गुमला




बसिया प्रखंड शिक्षक परिवार ,
प्रखंड-बसिया,
जिला गुमला



रोशन कुमार टिंकू
शिक्षक सह युवा समाजसेवी
ग्राम- बसिया,
प्रखंड - बसिया



फादर अमृत एक्का वाइस प्रिंसिपल, संत पॉल कॉलेज , कोनबीर- नवाटोली प्रखंड बसिया,
जिला गुमला



सविता पन्ना वार्डन,
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रखंड बसिया
जिला गुमला



ब्रदर सुशील टोप्पो
प्रिंसिपल ,
संत जोसेफ इंटर कॉलेज कोनबीर- नवाटोली
प्रखंड - बसिया


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**